राज्यभर की खबरों के लिए स्कैन करें

# शुभम संदेश

एक राज्य - एक अखबार

शुक्रवार, 12 जनवरी 2024 ● पौष शुक्ल प्रतिपदा , संवत 2080 ● पृष्ठ : 16, मूल्य : ₹ 6 ● वर्ष : 1, अंक : 265 आमंत्रण मूल्य : ₹ 5 मात्र



पेज 8-9

स्वच्छ सर्वेक्षण 2023

# झारखंड के जमशेदपुर व बुंडू को मिला क्लीन सिटी का अवार्ड

- राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू की मौजूदगी में जारी हुई स्वच्छ सर्वेक्षण की रैंकिंग
- देश भर में इंदौर और सूरत शहर स्वच्छता रैंकिंग में एक नंबर पर रहे

तरुण कुमार चौबे। रांची

स्वच्छ सर्वेक्षण 2023 की रैंकिंग में इस बार इंदौर और सूरत शहर ने बाजी मारी है. झारखंड के भी दो शहरों को क्लीन सिटी का अवार्ड मिला है. एक लाख से ज्यादा आबादी वाले शहरों में जमशेदपुर और 25 हजार से ज्यादा आबादी वाले शहरों में बुंडू को क्लीन नगर निकाय के रूप में सम्मानित किया गया है. गुरुवार को नई दिल्ली के प्रगति मैदान स्थित भारत मंडपम में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू की मौजूदगी में स्वच्छता रैंकिंग जारी की गई. देशभर के 4000 से अधिक शहरी निकायों में केंद्रीय आवासन और शहरी मंत्रालय की ओर स्वच्छ सर्वेक्षण कराये गये थे. मध्य प्रदेश का इंदौर लगातार कई वर्षों से रैंकिंग में एक नंबर पर है. इस बार गुजरात का सूरत शहर भी स्वच्छता रैंकिंग में एक नंबर पर आ गया है.




## मिलियन प्लस सिटी की रैंकिंग में झारखंड 40वें नंबर पर

1 लाख आबादी वाले कैपिटल सिटी की स्वच्छता रैंकिंग में झारखंड इस बार 14वें नंबर पर है. वहीं मिलियन प्लस सिटी की रैंकिंग में झारखंड 40वें स्थान पर पहुंच गया. गंगा टाउन्स की रैंकिंग में झारखंड का राजमहल नौवें और साहिबगंज 10वें स्थान पर रहा.

### स्वच्छता के लिए उठाये गये थे कई कदम

स्वच्छता सर्वेक्षण को लेकर राज्य के 49 नगर निकायों ने कई कदम उठाये थे. इसके तहत ने डोर टू डोर कचरा का उठाव सुनिश्चित किया था. सूखा और गीला कचरा को सेग्रिगेट करने में भी जोर दिया. ड्राई वैस्ट प्रोसेसिंग में भी बेहतर काम किया. पब्लिक और सामुदायिक टॉयलेट की सफाई सुनिश्चित की गयी. इसके अलावा वाटर बॉडी की सफाई की गई थी. जमशेदपुर और बुंडू नगर निकाय ने सभी कार्यों को बेहतर तरीके से पूरा कर पुरस्कार अपने नाम किया.

### सचिव और सूडा निदेशक ने दी बधाई

नगर विकास विभाग के सचिव विनय कुमार चौबे और राज्य शहरी विकास अभिकरण के निदेशक अमित कुमार नें जमशेदपुर और बुंडू के पदाधिकारियों और कर्मियों को बधाई दी. साथ ही सभी निकायों को अगले वर्ष के स्वच्छ सर्वेक्षण को लेकर तैयार रहने का निर्देश दिया. अमित कुमार ने कहा कि हमें और बेहतर प्रदर्शन करने की जरूरत है. स्वच्छता सर्वेक्षण की रैंकिंग का तौर-तरीका बदला है. वैसे में हमें सफाई के साथ-साथ स्ट्रेटजी के साथ कुछ अन्य बिंदुओ पर कार्य करना होगा. हमारे शहरों को गार्बेज फ्री स्टार रैंकिंग और ओडीएफ रैंकिंग प्राप्त करने की जरूरत है, तभी हम देश के अव्वल शहरों का मुकाबला कर खुद को नंबर वन और टू का पॉजिशन दिला सकते हैं.




फर्जी दस्तावेज से होमगार्ड में बहाली करानेवाले सिंडिकेट पर डीजी की नकेल

# गणेश शर्मा समेत कई के खिलाफ शिकायत

संवाददाता। धनबाद

फर्जी दस्तावेज से होमगार्ड में बहाली करानेवाले सिंडिकेट पर डीजी अनिल पाल्टा ने नकेल कसनी शुरू कर दी है. गणेश शर्मा समेत कई के खिलाफ की गई शिकायत के बाद जब टीम पहुंची तो घर पर ताला लटका मिला.

सूत्रों के अनुसार होमगार्ड के डीजी से शिकायत की गई है कि गणेश शर्मा उसके सिंडिकेट में शामिल लोग पिछले 15 वर्षों से सैकड़ों अभ्यर्थियों का फर्जी अंक प्रमाण पत्र और आवासीय प्रमाण पत्र बनवा कर होमगार्ड में धनबाद समेत कई जिलों में बहाली करा चुके हैं.

फर्जी दस्तावेज पर बहाल हुए होमगार्ड आज भी धनबाद, रांची, गढ़वा, बोकारो, हजारीबाग समेत कई जिलों में बेखौफ होकर ड्यूटी कर रहे हैं. इतना ही नहीं महीने में 10 दिन ड्यूटी करें या फिर 20 दिन, लेकिन महीने भर की तनख्वाह लेते हैं. एक-एक अभ्यर्थी से बहाली कराने के एवज में 50 हजार से लेकर एक-डेढ़ लाख रुपये तक सिंडिकेट के सदस्य ले चुके हैं. डीजी को आवेदन व दस्तावेज के अलावा ऑडियों-वीडियो कॉल समेत कई ऐसे सबूत दिए गए हैं, जो यह साबित करने के लिए काफी हैं कि गणेश व उसके सिंडिकेट में शामिल लोग किसी तरह फर्जीवाड़ा करते हैं.

## टीम पता करने पहुंची तो घर पर लटका मिला ताला



### बिहार के गया का रहनेवाला है गणेश आवासीय प्रमाण पत्र में है रांची का पता

सूत्रों के अनुसार गणेश शर्मा बिहार के गया का रहनेवाला है, लेकिन अंक व आवासीय प्रमाण पत्र में उसका स्थायी पता रांची का है. होमगार्ड के डीजी अनिल पाल्टा का कहना है कि गणेश शर्मा के खिलाफ शिकायत मिली है और वे इसकी बारीकी से जांच करा रहे हैं. उसके खिलाफ लगाए गए आरोप सही साबित होता हैं, तो उसे कोई नहीं बचा सकता है. अगर वह सिंडिकेट बनाकर फर्जी आवासीय प्रमाण से बहाली कराता है, तो उसके साथ-साथ कई लोगों पर कार्रवाई होगी. वही दूसरी ओर विभाग के कुछ लोगों का कहना है कि गणेश शर्मा के खिलाफ पहले भी पूर्व के डीजी से शिकायत की गई थी, लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई.

### रविशंकर के तीन और नवनीत के दो दस्तावेज में अलग-अलग स्थायी पता

जानकारी के अनुसार रवि शंकर प्रियदर्शी के दस्तावेज में रांची जिला के तीन अलग-अलग इलाके का स्थायी पता लिखा है. जिसमें एक सही और दो पता फर्जी है. अब सभी दस्तावेज असली है या नकली इसकी जांच की जा रही है. बताया जा रहा है कि दो आवासीय प्रमाण पत्र फर्जी है. इसके अलावा नवनीत शर्मा के पास रांची व धनबाद के पता पर दो दस्तावेज हैं. जिसे उसने बहाली में इस्तेमाल भी किया है. जांच में रवि शंकर व नवनीत शर्मा की गड़बड़ी पकड़ी गई है. झारखंड होमगार्ड वेलफेयर एसोसिएशन के प्रदेश अध्यक्ष रवि मुखर्जी ने वर्ष 2016 में तीन ऐसे लोगों को जेल भिजवाया था, जो फर्जी आवासीय प्रमाण पत्र बनवाते थे. तीनों को पोलिटेक्निक रोड से रंगेहाथ पकड़वाया था. खुद अभ्यर्थी बनकर रवि मुखर्जी ने दस्तावेज दो घंटे में बनवाया था.

## छह माह से रिम्स में भर्ती संजीव को एम्स का इंतजार



**धनबाद।** नीरज सिंह हत्याकांड में जेल में बंद झरिया के पूर्व विधायक संजीव सिंह बीते छह माह से रिम्स रांची में इलाजरत हैं. उनके अधिवक्ता मो. जावेद ने जेल प्रशासन के खिलाफ पूर्व विधायक की इलाज में लापरवाही बरतने का आरोप लगाया है. हालांकि जेल प्रबंधन ने संजीव की इलाज के लिए उन्हें एम्स दिल्ली ले जाने की इजाजत दे दी है, लेकिन फिलहाल एम्स की तरफ से कब आना है, संबंधित आदेश नहीं आने के कारण फिलहाल पूर्व विधायक को रिम्स रांची में ही रहना पड़ रहा है. बताते चलें कि धनबाद के उपमेयर नीरज सिंह की हत्या के मामले में विधायक संजीव सिंह पिछले छह सालों से धनबाद जेल में बंद हैं. धनबाद जेल में बंद होने के दौरान ही संजीव सिंह की तबीयत बिगड़ गई और उन्हें 11 जुलाई 2023 को इलाज के लिए रिम्स रांची भेजा गया था. तब से संजीव सिंह का इलाज रिम्स में ही चल रहा है. हालांकि उनके अधिवक्ता ने कोर्ट में लिखित तौर पर बताया कि रिम्स में उनके क्लाइंट की तबीयत में कोई सुधार नहीं हुआ, बल्कि बीमारी और बढ़ गई है. इस कारण कोर्ट ने जेल प्रबंधन को संबंधित मसले पर तलब किया था. बाद में जेल प्रबंधन की तरफ से संजीव सिंह एम्स ले जाने का आदेश प्राप्त हो गया.

- अधिवक्ता ने कहा- देरी से लगातार बिगड़ रही तबीयत, अब बोलने में भी हो रही मुश्किल

# भौंरा में आउटसोर्सिंग कंपनी के वाहन के धक्के से युवक की मौत, दो घायल

संवाददाता। भौंरा (धनबाद)

भौंरा ओपी क्षेत्र के 4-के पैच स्थित आउटसोर्सिंग कंपनी के डंपिंग यार्ड में गुरुवार को वॉल्वो वाहन की चपेट में आकर एक युवक की मौत हो गई, जबकि दो लोग घायल हो गए. मृतक की पहचान अमलाबाद के शिव बाबूडीह निवासी महेश कुंभकार (32 वर्ष) के रूप में हुई.

घटना की सूचना मिलने के बाद गांव में मातम पसर गया. परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल था. घायलों में साधु कुंभकार व परीक्षित कुंभकार शामिल हैं. जानकारी के अनुसार, महेश कुंभकार अपने दो साथियों के साथ भौंरा गया था. तभी वॉल्वो वाहन की चपेट में



आ गया. महेश कुंभकार मूल रूप से बोकारो जिले का रहनेवाला था. मृतक की पत्नी सीता देवी न भौंरा ओपी में आवेदन देकर कहा है कि पति महेश कुंभकार अपने साथी साधु कुंभकार व परीक्षित कुंभकार के साथ साइकिल पर सवार होकर रोजगार के लिए दामोदर नदी पार कर भौंरा जा रहे थे. इसी दौरान आउटसोर्सिंग कंपनी के वाहन की चपेट में आ गए. भौंरा ओपी प्रभारी कंचन कुमारी ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है. उसके बाद कानून संवत कार्रवाई की जाएगी.

**खास बातें**

- गांव में पसरा मातम, परिजनों का रो-रोकर बुरा हाला
- मृतक की पत्नी ने दी थाने में तहरीर, एफआईआर दर्ज

# आपसी विवाद को ले दो पक्षों में पथराव

संवाददाता। गिरिडीह

जिले के मुफस्सिल थाना क्षेत्र के सेंट्रल पीट में गुरुवार को दो पक्षों में मामूली बात को लेकर विवाद हो गया. देखते-देखते बात इतनी बढ़ी कि दोनों पक्षों ने एक-दूसरे पर पथराव करना शुरू कर दिया. सूचना पाकर पुलिस मौके पर पहुंची और लोगों को खदेड़ा. फिलहाल स्थिति नियंत्रण में है.

एसडीपीओ अनिल सिंह ने बताया कि आपसी विवाद में घटना हुई. सब काबू में है. भारी संख्या में पुलिस बलों की तैनाती की गयी है, जो लगातार कैंप कर रहे हैं. जानकारी के अनुसार, बुधवार रात करीब 10 बजे दूसरे मोहल्ले का एक लड़का मंदिर के पास मोबाइल से बात कर रहा था. इसी दौरान धनु तुरी नाम का युवक वहां पहुंचा और उसको घर जाने के लिए कहा. जिसके बाद

पुलिस इलाके में कर रही कैंप



दोनों में कहासुनी हो गयी. घटना के कुछ देर बाद युवक स्कार्पियो पर सवार होकर अपने गैंग को लेकर वहां पहुंचा और धनु को जबरन उठाने लगा. लेकिन ग्रामीणों ने इसका विरोध किया तो सभी युवक भाग गये.

दूसरे दिन गुरुवार को इसी बात को लेकर पंचायत चल रही थी. इसी दौरान दोनों में फिर विवाद शुरू हो गया. पहले बहस, झड़प और देखते ही देखते दोनों पक्षों ने एक-दूसरे पर पथराव करना शुरू कर दिया. सूचना पाकर सदर एसपीडीओ अनिल कुमार सिंह, प्रशिक्षु डीएसपी कैलाश प्रसाद महतो, नगर थाना प्रभारी राम नारायण चौधरी, मुफ्फसिल थाना प्रभारी कमलेश पासवान, पचंबा थाना प्रभारी मुकेश दयाल सिंह, पचंबा इंस्पेक्टर श्याम प्रसाद महतो दलबल के साथ वहां पहुंचे और सभी को खदेड़ कर भगाया.

# 6 साइबर अपराधियों को दबोचा

**रांची/गिरिडीह।** गिरिडीह पुलिस ने प्रतिबिंब पोर्टल की मदद से छह अपराधियों को गिरफ्तार किया है. इनके पास से 11 मोबाइल फोन, 15 सिम कार्ड, चार एटीएम समेत कई अन्य सामान भी बरामद हुए हैं. एसपी दीपक कुमार शर्मा ने पपरवाटांड़ स्थित पुलिस ऑफिस में प्रेस वार्ता कर इस बात की जानकारी दी. एसपी ने बताया कि अबतक कुल 161 साइबर अपराधियों की गिरफ्तारी हो चुकी है. जबकि 14 लाख 37 हजार 310 नगद बरामद किये जा चुके हैं.

**गुप्त सूचना के आधार पर पुलिस ने की कार्रवाई :** जानकारी के अनुसार, एसपी दीपक शर्मा को गुप्त सूचना मिली थी कि बेंगाबाद थाना क्षेत्र में कुछ साइबर अपराधी फर्जी सिम का प्रयोग करके आम लोगों से ठगी कर रहे हैं. इसके आधार पर पुलिस की टीम ने कार्रवाई करते हुए छह साइबर अपराधियों को धर दबोचा. गिरफ्तार अपराधियों में फिरोज अंसारी, अनिल मंडल, बबलू कुमार, आशीष मंडल, बंटी कुमार, अंकित कुमार का नाम शामिल है.

**प्रतिबिंब पोर्टल का कमाल**

अच्छी पहल : एक्स पर दिन भर होता रहा ट्रेंड, हजारों लोगों ने किया शेयर

# सोशल मीडिया पर दिनभर छाया रहा सीटी बजाओ

सत्य शरण मिश्रा। रांची

सरकारी स्कूलों में बच्चों की उपस्थिति बढ़ाने के लिए गुरुवार से सोशल मीडिया पर सीटी बजाओ, स्कूल बुलाओ अभियान की राज्यभर में शुरुआत हो गई है. सभी जिलों में अधिकारियों ने गांव-गांव अभियान की मॉनिटरिंग की. अभियान के पहले दिन राज्य के सभी 35,000 सरकारी स्कूलों के बच्चों ने स्कूल के पोषक



क्षेत्र का भ्रमण कर सीटी बजाते हुए सभी अभिभावकों से बच्चों को स्कूल भेजने की अपील की. वहीं सोशल मीडिया पर #SeetiBajao हैशटैग पर हजारों लोगों ने बच्चों की सीटी बजाते हुए स्कूल जाने वाली तस्वीरों और वीडियो को पोस्ट कर इस अभियान को समर्थन दिया. सोशल मीडिया में सुबह सुबह 8.30 बजे से #SeetiBajao लिखते हुए तस्वीरें, वीडियो पोस्ट की जाने लगीं. दोपहर 1 बजे तक एक्स (पूर्व में ट्वीटर) में #SeetiBajao ट्रेंडिंग इन इंडिया में दिखना शुरू हो गया. एक्स के अलावा फेसबुक, इंस्टाग्राम और कू एप पर भी लोगों ने इस हैशटैग से हजारों पोस्ट डाले.

# 21 को जेल भेजने के विरोध में लोगों ने थाने में दी गिरफ्तारी



गिरफ्तारी देने पहुंची ग्रामीणों की टोली.

संवाददाता। आदित्यपुर

हिरासत में लिए गए जेबीकेएसएस नेता प्रेम मार्डी व हथियाडीह के ग्रामीणों की रिहाई की मांग को लेकर गुरुवार को हजारों जेबीकेएसएस के कार्यकर्ता और ग्रामीण सड़क पर उतरे व आदित्यपुर थाने पहुंचे. हालांकि इन्हें रोकने के लिए सैकड़ों जवानों एवं अधिकारियों को तैनात किया गया था, मगर ग्रामीणों के आगे वे टिक नहीं सके. सभी अपनी गिरफ्तारी देने थाना पहुंच गए.

बता दें कि हथियाडीह में जियाडा द्वारा अधिग्रहीत भूमि पर कई कंपनियां निर्माधीन हैं. इनमें से जमना ऑटो और नेताजी मेडिकल कॉलेज अस्पताल का निर्माण भी हो रहा है. ग्रामीण लगातार विरोध कर रहे हैं. कई दौर के वार्ता के बाद भी विरोध जारी है. इधर तीन- चार दिन से ग्रामीणों ने हिंसक हो गये थे. दो दिन पूर्व ग्रामीणों ने नेताजी मेडिकल कॉलेज अस्पताल परिसर में घुस कर गार्ड की बेरहमी से पिटाई कर दी थी. झारखंडी भाषा खतियान संघर्ष समिति के नेता प्रेम मार्डी और तरुण महतो ने लीड किया था. इस वजह से प्रशासन ने सख्त रूप अपनाया और बुधवार को 10 महिला एवं 11 पुरुषों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया. समिति के नेता प्रेम मार्डी को देर रात पुलिस ने गिरफ्तार किया, जबकि तरुण पुलिस की गिरफ्त से दूर है. उधर प्रेम मार्डी की गिरफ्तारी के बाद से जेबीकेएसएस के कार्यकर्ता आक्रोशित हैं. गुरुवार को ग्रामीणों और नेताओं की रिहाई की मांग को ले सड़क पर उतरे. ग्रामीणों के आक्रोश को देखते हुए कई थानों की पुलिस तैनात की गयी थी. गिरफ्तारी देने पहुंचे ग्रामीण गुस्से में जरूर थे और थाने में प्रवेश कर जिला प्रशासन के विरुद्ध नारेबाजी करते रहे.

**खास बातें**

- डीएसपी और कई थाना प्रभारी पुलिस बल के साथ रहे मुस्तैद
- ग्रामीणों ने जमकर की जिला प्रशासन के खिलाफ नारेबाजी

गजब का खेल डीसी ऑफिस से धराया ठग घनश्याम पुरती, डीसी के सामने पेशी के बाद केस दर्ज कर भेजा गया जेल

# ठग बन कर आया सहेली का पति और ठग लिये 18 लाख 50 हजार

सुकेश कुमार। चाईबासा

छह माह पूर्व शेयर मार्केट में पैसे दुगुने करने के नाम पर निवेशकों से करोड़ों रुपए की ठगी के बाद अब मुख्यमंत्री सृजन योजना से व्यवसाय ऋण दिलाने के नाम 18 लाख 50 हजार रुपये की ठगी का मामला प्रकाश में आया है. यह मामला कुमारडुंगी थाना क्षेत्र के टूंटाकाटा गांव का है. ठग घनश्याम पुरती ने इस गांव की तीन बहनों से कुल 18 लाख 50 हजार रुपये की ठगी की है. इसके बाद वह फरार था. लेकिन गुरुवार को पीड़ितों ने उसे डीसी ऑफिस में देख लिया. पकड़ कर उसे डीसी के सामने ले गयीं और मामले की शिकायत की. पूछताछ व फटकार के बाद डीसी के निर्देश पर कुमारडुंगी थाने में ठग के खिलाफ प्राथमिकी दर्जकर आरोपी को जेल भेज दिया गया. कहते हैं, घनश्याम पुरती डीसी ऑफिस में ही राज्य आदिवासी सहकारी निगम कार्यालय में दलाली का काम करता है. वहां आनेवाले आवेदकों को ठगी का शिकार बनाता हैं. लेकिन इस बार वह यहीं से पकड़ा गया.

## तीनों बहनों को बारी-बारी से बनाया ठगी का शिकार

ठगी की शिकार हुईं सीता सिंकू ने थाने को दिये आवेदन में कहा कि घटना को स्टेशन कॉलोनी चाईबासा के ठग घनश्याम पुरती ने अंजाम दिया. दरअसल घनश्याम मेरी सहेली बेलमती सिदू का पति है. बेलमती से मेरी मुलाकात 2018 में पढ़ाई के दौरान हुई. मैं तब अपनी बहन अर्चना तथा चचेरी बहन बुधना के साथ पढ़ती थी. जब मैने आर्थिक तंगी का जिक्र उससे किया, तो उसने कहा कि मेरे पति घनश्याम पुरती को मुख्यमंत्री सृजन योजना के तहत दस लाख का लोन मिला है. तुम भी चाहो तो झारखंड आदिवासी सहकारी निगम से बिजनेस के लिए ऋण ले सकती हो. फिर हम तीनों बहनों ने ऋण निकालने का फैसला किया. माघे पर्व में बेलमती के पति घनश्याम हमारे घर आये तो हमें सारी जानकारी दी. इसके बाद हम तीनों को अपने घर बुलाकर दस्तावेजों पर हस्ताक्षर लिये. आईडीबीआई में अकाउंट भी खुलवाया. लेकिन ऑफिस में ब्लैंक चेक जमा करने के नाम पर उन्होंने ब्लैंक चेक पर हम तीनों के हस्ताक्षर भी ले लिये. यह 2021-22 की है. फिर 1 जनवरी 2024 को 6 लाख 25 हजार रुपये मेरे खाते में आये. लेकिन 2 जनवरी को घनश्याम ने हमसे चेक से 6 लाख निकलवा लिये और सारे पैसे ले लिये. तब मुझे शक हुआ कि कुछ ठीक नहीं है. फिर पता चला कि ठगी हो चुकी है. अर्चना के खाते से 6 लाख 50 हजार व बुधना के खाते से 6 लाख घनश्याम पुरती अपने खाते में ट्रांसफर करवा चुका था. सीता ने कहा, घनश्याम इसके अलावे सुखलाल चातर को भी फंसाकर रखा है. उसका भी ब्लैंक चेक पर हस्ताक्षर ले रखा है. खाते में पैसे आते ही वह भी ठगी का शिकार हो सकता है. इधर, कुमारडुंगी थाना में घनश्याम पुरती के खिलाफ प्राथमिकी दर्जकर उसे जेल भेज दिया गया है.



### छह माह पूर्व धनुज केराई ने की थी करोड़ों की ठगी

छह माह पूर्व ही पश्चिमी सिंहभूम में शेयर मार्केट में पैसे दुगुने करने के नाम पर करोड़ों की ठगी का मामला सामने आया था. इस संबंध में आरोपी धनुज केराई के खिलाफ थाने में मांगीलाल रुंगटा स्कूल की शिक्षिका सुखमति बारी ने प्राथमिकी दर्ज करवायी थी. मामला कोर्ट में विचाराधीन है. शिकायत में सुखमति बारी ने 67 लाख की ठगी की बात कही थी. नोवामुंडी के उईसिया गांव निवासी धनुज केराई समेत अन्य को उन्होंने आरोपी बनाया है. फिलहाल सब फरार हैं. सोनुवा थाने में भी धनुज केराई के खिलाफ वहां के एक शिक्षक से 50 लाख रुपये से अधिक की ठगी का मामला दर्ज है. इसके अलावा झींकपानी प्रखंड के टुटूगुटू निवासी शिक्षिका द्रोपदी देवगम (पुरती) से भी 50 लाख रुपये की ठगी का ये आरोपी है. पुलिस इसकी तलाश कर रही है. लेकिन अभी तक कानून की पकड़ से दूर है.

गोल्डन ओक्स स्कूल में विज्ञान प्रदर्शनी का हुआ आयोजन, विद्यार्थियों ने मॉडलों के बारे में विस्तारपूर्वक दी जानकारी

# विज्ञान प्रदर्शनी में नन्हे वैज्ञानिकों ने बनाए एक से बढ़कर एक मॉडल

संवददाता। चक्रधरपुर





शहर के दंदासाई स्थित गोल्डन ओक्स स्कूल में गुरुवार को विज्ञान प्रदर्शनी का आयोजन किया गया. इस मौके पर बतौर मुख्य अतिथि शहर के वरीष्ठ पत्रकार ओमप्रकाश सिंह,शिक्षक एस षाड़ंगी,विशिष्ट अतिथि समाजसेवी राजेश शर्मा, मनोज चौधरी, कार्तिक गुप्ता, डॉ.सचिदानंद उपस्थित थे. विज्ञान प्रदर्शनी का उद्घाटन अतिथियों ने समाजसेवी स्व. त्रिवेणी देवी व स्व. महंगी लाल संथोलिया की तस्वीर के समीप दीप जलाकर व फूल माला चढ़ाकर किया. इस विज्ञान प्रदर्शनी में स्कूल के कक्षा तीन से लेकर आठवीं तक के विद्यार्थियों ने अलग-अलग समूह में एक से बढ़कर मॉडल बनाकर पेश किए, जहां विद्यार्थियों ने अपने बनाए गये मॉडलों के बारें में विस्तारपूर्वक जानकारी भी दी. इस अवसर पर अतिथियों के साथ-साथ स्कूल के डायरेक्टर पवन संथोलिया ने विद्यार्थियों द्वारा बनाये गये मॉडलों को देखकर सराहना की. मौके पर मुख्य अतिथि वरिष्ठ पत्रकार ओमप्रकाश सिंह ने कहा कि विद्यार्थियों द्वारा बनाये गये मॉडल को देखकर ऐसा लगता है कि ये नन्हें वैज्ञानिक से कम नहीं है. सिंह ने कहा कि शिक्षकों के बेहतर मार्गदर्शन में छात्र-छात्राएं इसी तरह अपनी प्रतिभा के साथ आगे बढ़े. वहीं, स्कूल के डायरेक्टर पवन संथोलिया ने भी विद्यार्थियों के मॉडल को देखकर सराहना की.

सिंह ने कहा कि इस तरह के आयोजन विद्यार्थियों के लिए मंच साबित होती है, जहां छात्र-छात्राएं अपनी प्रतिभा दिखा सकते हैं.उन्होंने कहा कि आने वाले समय में विद्यार्थियों के बीच अन्य कई प्रकार की स्पद्र्धाएं आयोजित किये जाएंगे. इस मौके पर विद्यार्थियों ने ग्रीन सीटी, पवन चक्की, ग्लोबल वार्मिंग, चंद्रयान तीन, उन्नत खेती के तरीके, सोलर सिस्टम, इको फ्रेंडली पार्क समेत अन्य मॉडल बनाकर पेश किए. मौके पर स्कूल की प्रधानाध्यापिका सीमा प्रजापति ने कहा कि चयनित बेहतर मॉडल बनाने वाले समूह को पुरस्कृत किया जाएगा. इस अवसर पर स्कूल के शिक्षक कुंदन रॉय, पार्वती देवी, दीप्ती बर्मन, अंजना अधिकारी, मंजू प्रमाणिक, किशोर विशाल समेत अन्य शिक्षक-शिक्षिकाएं व बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं मौजूद थे.

### खास बातें

- स्कूल के डायरेक्टर पवन ने की मॉडलों की सराहना
- छात्र-छात्राएं इसी तरह प्रतिभा के साथ आगे बढ़े

### आओ जानें

## सामान्य ज्ञान

- सांडर्स की हत्या किसने की थी – **भगत सिंह**
- 1952 में विशाल कोहरा किस शहर में हुआ था – **लंदन**
- दिल्ली स्थित लाल बहादुर शास्त्री की समाधि का नाम – **विजय घाट**
- संयुक्त राष्ट्र महासभा की पहली महिला अध्यक्ष – **विजय लक्ष्मी पंडित**
- भारत के किस राज्य का राजभाषा अंग्रेजी है – **नगालैंड**
- बहमनी सल्तनत के संस्थापक कौन थे – **अलाउद्दीन बहमन शाह**
- भारत में केले का सबसे बड़ा उत्पादक राज्य – **तमिलनाडु**
- भारत के किस पड़ोसी देश ने टिकटॉक पर बैन लगाया है – **नेपाल**
- मणिपुर में कितने लोकसभा सीट हैं – **2**
- देश में कहां है वेंबनाड झील – **केरल**

### ब्रीफ खबरें

#### सांसद ने पुलिया व पीसीसी पथ का किया शिलान्यास

**चाईबासा।** सांसद गीता कोड़ा ने बुधवार को हाटगम्हरिया प्रखंड के कुशमुंडा गांव में पुलिया (कल्वर्ट) तथा पीसीसी पथ निर्माण का नारियल फोड़कर शिलान्यास किया. सांसद प्रतिनिधि विश्वनाथ तामसोय ने बताया कि यह पथ कुशमुंडा में विरंची दास की जमीन से चंद्रशेखर दास के घर तक 280 फीट लंबी बनेगी. साथ में पुलिया भी बनेगी. ताकि ग्रामीणों को सुविधा हो. अभी सुविधा के अभाव में ग्रामीणों को परेशानी होती थी. सड़क बन जाने के बाद यह समस्या समाप्त हो जायेगी. यह योजना सांसद निधि से क्रियान्वित होगी.

#### मानकी-मुंडाओं ने बैठक के लिए जारी किया पत्र

**किरीबुरु।** अंचल कार्यालय मनोहरपुर में गुरुवार को 11 बजे से अंचलाधिकारी की अध्यक्षता में मनोहरपुर अंचल के मानकी-मुंडाओं की विशेष बैठक आयोजित की गई है. इस बैठक को लेकर अंचल कार्यालय द्वारा सारंडा क्षेत्र के मानकी लागुड़ा देवगम, मानकी सुरेश चाम्पिया के अलावे सभी ग्रामीण मुण्डाओं को बैठक संबंधित पत्र जारी किया गया है. जारी पत्र में कहा गया है कि उक्त बैठक में मुण्डा/मानकी बहाली से संबंधित आवेदन, सर्पदंश, सड़क दुर्घटना, बाढ़ में डुब कर मृत्यु से संबंधित आवेदन, लगान वसुली से संबंधित आवेदन लिया जायेगा.

#### बिरजू प्रसाद के निधन पर किया शोक व्यक्त

**चाईबासा।** रौनियार वैश्य संघ (गुप्ता समाज) चाईबासा शाखा के वरिष्ठ सदस्य बिरजू प्रसाद गुप्ता के आकस्मिक निधन पर स्थानीय कैफेटेरिया में श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया. श्रद्धांजलि सभा में 2 मिनट का मौन रखकर पुण्य आत्मा की शांति के लिए ईश्वर से प्रार्थना की गई. मौके पर मुख्य रूप से रौनियार वैश्य संघ के संरक्षक अधिवक्ता राजाराम गुप्ता, अध्यक्ष जयदीप प्रसाद गुप्ता, उपाध्यक्ष राजकिशोर साहू, मनीष गुप्ता, सचिव महावीर प्रसाद राम, सलाहकार कृष्ण प्रसाद गुप्ता, कार्यकारिणी सदस्य शेखर कुमार गुप्ता, संतोष कुमार गुप्ता एवं अन्य सदस्य गण मौजूद थे.

#### मकर संक्रांति पर मंदिर में लगेगा मेला

**नोवामुंडी।** गुवा से बड़ाजामदा जाने वाले रास्ते स्थित बोकना पंचमुखी हनुमान मंदिर में मंदिर कमेटी की ओर से बैठक का आयोजन किया गया. बैठक की अध्यक्षता बोकना पंचमुखी हनुमान मंदिर कमेटी के अध्यक्ष समीर पाठक ने करते हुए बताया कि हर साल की भांति इस साल भी बोकना पंचमुखी हनुमान मंदिर में मकर संक्रांति को लेकर दो दिवसीय मेला का आयोजन किया जाएगा. मेला का आयोजन 14 जनवरी और 15 जनवरी को होगा. इस मेले में मकर स्नान, महा आरती, भंडारा, संबलपुरी नृत्य, बच्चों के लिए रंगारंग कार्यक्रम, आर्केस्ट्रा एवं भजन संध्या का आयोजन किया जाएगा.

#### झारखंड पार्टी 21 को चाईबासा में करेगी महारैली

**चाईबासा।** सरजोमगुटू चाईबासा स्थित पूर्ति निवास में झारखंड पार्टी के जिला अध्यक्ष कोलंबस हसंदा की अध्यक्षता में गुरुवार को समीक्षा बैठक हुई. जिसमें आगामी 21 जनवरी को खुटकट्टी मैदान चाईबासा में महा रैली के आयोजन पर चर्चा की गई. जिसमें सभी क्षेत्र से आये कार्यकत्ताओं से मिली जानकारी के अनुसार भारी संख्या में जनता उपस्थिति दर्ज करेगी. इस महारैली में केंद्रीय अध्यक्ष एनोस एक्का, पूर्व मंत्री प्रधान महासचिव अशोक कुमार भगत, पूर्व राज्य मंत्री, कार्यकरी अध्यक्ष सह पूर्व महाधिवक्ता अजित कुमार, कोषाध्यक्ष रिजवान अहमद आदि लोग थे.

सेल प्रबंधन युवा बेरोजगारों को नौकरी से दरकिनार कर रहा है

# गुवा सेल में संयुक्त यूनियनों का 9 दिनों से आंदोलन जारी

- बाहरी लोगों की बहाली निरस्त करने पर अड़े ग्रामीण

संदीप कु प्रसाद। नोवामुंडी



गुवा सेल में 18 बाहरी लोगों को ज्वाइनिंग देने को लेकर संयुक्त यूनियनों द्वारा लगातार आज नौवें दिन गुरुवार को भी आंदोलन जारी है. इस दौरान संयुक्त यूनियनों ने गुवा रामनगर में शाम 5 बजे एक जनसभा का आयोजन कर आंदोलन करते हुए विभिन्न नारे लगाए. साथ ही संयुक्त यूनियनों ने जनसभा के माध्यम से लोगों को बताया कि गुवा के दुकानदारों, विभिन्न क्षेत्रों के ग्रामीणों तथा बेरोजगारों को गुवा सेल प्रबंधन द्वारा स्थानीय लोगों को बहाली को दरकिनार करते हुए बाहरी लोगों को नौकरी दी गई है.

संबोधित करते हुए संयुक्त यूनियनों के पदाधिकारियों ने कहा कि बाहरी लोगों की बहाली को निरस्त करने को लेकर सभी लोगों का समर्थन चाहिए तभी हम सभी गुवा सेल प्रबंधन को आईना दिखाकर बाहरी को भगाकर स्थानीय बेरोजगारों की बहाली के लिए लड़ाई लड़ सकते हैं. ज्ञात हो कि एक सप्ताह पूर्व बुधवार को दूसरे राज्य से 18 लोगों को सेल प्रबंधन द्वारा गुवा सेल में जॉइनिंग दी गई है और यहां के स्थानीय युवा बेरोजगारों को सेल प्रबंधन नौकरी ना देकर दरकिनार कर दिया गया है.

**गुवा सेल प्रबंधन को सौंपा मांग पत्र :** संयुक्त यूनियनों में झारखंड मजदूर संघर्ष संघ के केंद्रीय अध्यक्ष रामा पांडे, बोकारो स्टील वर्कर्स यूनियन इंटक के क्षेत्रीय महामंत्री दुचा टोप्पो, सारंडा मजदूर यूनियन के महामंत्री राजकुमार झा, झारखंड मुक्ति मोर्चा यूनियन के अध्यक्ष पंचम जॉर्ज सोय, सीटू के अध्यक्ष मनोज मुखर्जी, सप्लाई मजदूर संघ के अध्यक्ष राजेश कोड़ा ने अपनी मांगों को लेकर गुवा सेल प्रबंधन को मांग पत्र भी सौंपा गया है. धरना प्रदर्शन करने वालों में मुख्य रूप अंतर्यामी महाकुड, किशोर सिंह, संजू गोच्छाईत, चंद्रिका खंडाईत आदि लोग थे.

#### पूर्व सीएम के निर्देशन में बनेगी रणनीति

संयुक्त यूनियनों ने इस आंदोलन को लेकर कहा कि झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री मधु कोड़ा, विधायक सोनाराम सिंकु तथा सांसद गीता कोड़ा कुछ जरूरी वजह से इस जनसभा में शामिल नहीं हो पाए. शुक्रवार को पूर्व मुख्यमंत्री मधु कोड़ा के दिशा निर्देशन में आगे की रणनीति बनाई जाएगी.

## बीआरपीएल कंपनी से वार्ता के बाद आंदोलन हुआ खत्म

शैलेश सिंह। किरीबुरु

बीआरपीएल कंपनी के खिलाफ पिछले 4 दिनों से निरंतर जारी आंदोलन को अधिकारियों के साथ गुरुवार को सकारात्मक वार्ता के बाद समाप्त किया गया. इस वार्ता में कंपनी के अधिकारी श्रीपति एवं श्रीपरीडा के अलावे आंदोलन कर रहे लोगों में पूर्व विधायक मंगल सिंह बोबोंगा, दिरीबुरु पंचायत के मुखिया गंगाधर चातोम्बा, वार्ड सदस्य अनीता पुरती, विजय बोदरा, सोमा चाम्पिया, दुनिया पुरती, दुम्बी चाम्पिया, अर्जुन आदि शामिल थे. ग्रामीणों की मांग थी कि कंपनी पूरे क्षेत्र में प्रदूषण फैलाकर झारखण्ड की जंगलों, प्राकृतिक जल श्रोतों, नदी-नाला को प्रदूषित व ग्रामीणों को विभिन्न बीमारियों से ग्रसित करना बंद करे. कंपनी जहां अपना डैम बनाई है, वहां के 3-4 परिवारों का पक्का मकान बनाकर दे, बोकना क्षेत्र के लगभग 20 बेरोजगारों को कंपनी में स्थायी नौकरी, अन्य बेरोजगारों को रोजगार से जोड़ना, बोकना क्षेत्र के लोगों के लिये एक एम्बुलेंस व समय समय पर चिकित्सा शिविर का आयोजन, पारम्परिक पर्व-त्योहार व कार्यक्रम का आयोजन हेतु सामुदायिक भवन, शिक्षा, शुद्ध पेयजल, प्रदूषण नियंत्रण आदि की सुविधा उपलब्ध कराया जाये. कंपनी ने लगभग सभी मांगों को पूरा करने का भरोसा दिया. साथ हीं एक सप्ताह के अंदर इस दिशा में कार्य प्रारम्भ करने की बात कही. उल्लेखनीय है कि आंदोलनकारियों ने कंपनी का माल ढुलाई कार्य को 8 जनवरी की सुबह लगभग 9 बजे से बंद कर दिया था.

तीन वर्ष से अधिक समय से एक ही जगह पदस्थापित हैं दो अभियंता

# स्थानांतरण को लेकर पदाधिकारी से की शिकायत

संवाददाता। किरीबुरु

तीन वर्ष से अधिक समय से कार्यरत, राजनीतिक गतिविधि में संलिप्त सहायक अभियंता और कनीय अभियंता का स्थानांतरण करने हेतु झारखंड राज्य भ्रष्टाचार उन्मूलन समिति के प्रदेश अध्यक्ष प्रोफेसर गणेश प्रसाद ने झारखंड के मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी को पत्र लिखा है. उन्होंने कहा कि पश्चिमी सिंहभूम जिला अन्तर्गत ग्रामीण कार्य विभाग के चाईबासा कार्य प्रमंडल में विगत चार वर्षों से नोवामुंडी अवर प्रमंडल में पदस्थापित सहायक अभियंता संजय कुमार सिंह और जगन्नाथपुर प्रशाखा में पदस्थापित कनीय अभियंता अभिलेष विशेष राजनीतिक दल के साथ सांठगांठ कर राजनीतिक लाभ पहुंचा रहें हैं. सहायक अभियंता संजय कुमार सिंह अपने सेवा कार्यकाल में अधिक समय चाईबासा प्रमंडल में ही कनीय अभियंता के रूप में कार्यरत रहें हैं और अस्थाई सहायक अभियंता भी उक्त प्रमंडल में पदस्थापित थें. साथ ही विभाग से स्थाई सहायक अभियंता में प्रोन्नति मिलने पर भी ग्रामीण कार्य विभाग उक्त प्रमंडल में पदस्थापन कराए हैं. वर्तमान में चार साल, 10 माह से अधिक समय तक उक्त जिला में ही कनीय अभियंता के पद पर कार्यरत रहें हैं.

लंबे समय से जिला में रहने के कारण राजनीतिक दल से सांठ-गांठ कर राजनीतिक संरक्षण प्राप्त कर रहे हैं और उक्त दल को आर्थिक एवं राजनीतिक लाभ पहुंचा रहे हैं. उक्त सहायक अभियंता के अधीन कार्यरत कनीय अभियंता भी राजनीतिक गतिविधि में संलिप्त हैं. ऐसे में उक्त दोनों अभियंता को अन्यत्र स्थानांतरण किया जाए ताकि पारदर्शिता के साथ चुनाव प्रकिया को पूरा कराया जा सके.

### लिखा पत्र

- राजनीतिक गतिविधि में संलिप्त हैं अधिकारी
- पारदर्शिता के साथ चुनाव प्रकिया को पूरा कराया जाए

## पुण्यतिथि पर याद किए गए भारत रत्न लाल बहादुर शास्त्री



**चाईबासा।** भारत रत्न लाल बहादुर शास्त्री की पुण्यतिथि गुरुवार को कांग्रेस भवन चाईबासा में मनाई गई. कांग्रेसियों ने कांग्रेस भवन में उनके चित्र पर पुष्प अर्पित कर एवं दो मिनट का मौन धारण कर श्रद्धापूर्वक उन्हें याद किया. उनकी जीवनी पर प्रकाश डालते हुए वक्ताओं ने कहा कि शास्त्री जी ऐसे सितारे थे. जिनके चले जाने के बाद भी उनकी यादें आज भी सबके दिल में है. 2 अक्टूबर 1904 को एक मध्यम वर्गीय शिक्षक परिवार में रामनगर में जन्म लेकर भी अपनी प्रतिभा से देश के प्रधानमंत्री बन अपनी अमिट छाप छोड़ी.

### न्यूज अपडेट

#### झामुमो सुप्रीमो शिबू सोरेन का मनाया गया जन्मदिन



**चक्रधरपुर।** झारखंड मुक्ति मोर्चा पार्टी के सुप्रीमो शिबू सोरेन का जन्मदिन गुरुवार को शहर के प्रखंड कार्यालय के समीप मनाया गया. इस अवसर पर झामुमो नगर व प्रखंड कमेटी की ओर से केक काटा गया. वहीं, इस दौरान दिवंगत सांसद सुनील महतो की जयंती भी मनाई गई. मौके पर झामुमो नेता जिला उपाध्यक्ष राहुल आदित्य ने कहा की पूरे राज्य में आज दिशोम गुरु शिबू सोरेन का जन्मदिन मनाया जा रहा है. वहीं दिवंगत सांसद सुनील महतो को भी जयंती पर याद कर श्रद्धांजलि दी जा रही है.इस मौके पर उपस्थित झामुमो नेताओं लोगों के बीच मिठाई भी बांटे. इस मौके पर प्रखंड मौके पर प्रमुख ज्योति सिजुई, विधायक प्रतिनिधि मदन बोदरा, प्रखंड अध्यक्ष संजय हांसदा, दिनेश जेना, सचिव ताराकांत सिजुई, प्रदीप महतो, मंटू गागराई, चमरु जामुदा, विनय प्रधान आदि मौजूद थे.

#### शिबू सोरेन के जन्मदिन पर रक्तदान शिविर आयोजित



**जमशेदपुर।** बर्मामाइंस क्लब हाउस में मंगलवार को जेएमएम द्वारा दिशोम गुरु शिबू सोरेन के जन्म दिन एवं शहीद सुनील महतो की जयंती के अवसर पर रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया. रक्तदान शिविर में कार्यकर्ताओं समेत अन्य लोगों ने बढ़-चढ़कर का हिस्सा लिया व रक्तदान किया. इसमें लगभग डेढ़ सौ यूनिट रक्त संग्रह करने का लक्ष्य रखा गया था. रक्तदान शिविर का उद्घाटन स्वर्गीय सुनील महतो की पत्नी एवं पूर्व सांसद सुमन महतो ने किया. इस अवसर पर झारखंड मुक्ति मोर्चा के नेता महावीर मुर्मू ने कहा कि हर वर्ष झारखंड मुक्ति मोर्चा परिवार की ओर से इस रक्तदान शिविर का आयोजन किया जाता है. झारखंड अलग राज्य के लिए दिशोम गुरु शिबू सोरेन का योगदान अतुलनीय रहा हैं. कई लोगों ने प्राणों की आहुति दी तब जाकर झारखंड अलग राज्य बना. उनके संघर्ष को देखते हुए और दिशोम गुरु के जन्मदिन को खास बनाने के उद्देश्य से यह आयोजन किया गया है.

#### स्कूली बच्चों ने रैली निकाली, गली-मोहल्ले का भ्रमण किया



**नोवामुंडी।** सिटी बजाओ उपस्थिति बढ़ाओ अभियान को लेकर गुरुवार सुबह नोवामुंडी प्रखंड अंतर्गत गुवा के सभी सरकारी विद्यालय में सिटी बजाओ उपस्थिति बढ़ाओ कार्यक्रम आयोजित किया गया. जहां स्कूलों के बच्चों ने रैली निकालते हुए तथा सीटी बजाते हुए गली-मोहल्ले का भ्रमण किया. इस रैली के माध्यम से बच्चों को सभी प्रधानाध्यापक अपने विद्यालय अंतर्गत पोषक क्षेत्र के सभी गांव टोला में 5-5 बालक-बालिकाओं एवं शिक्षक शिक्षिकाओं ने सिटी बजाकर बच्चों को स्कूल तक लाया. पोषक क्षेत्र में विद्यालय से दूर रहने वाले बच्चों के घर घर जाकर सिटी बजाते हुए उन्हें स्कूल तक लाया गया. वहीं, गुवासाई स्थित मध्य विद्यालय द्वारा जागरूकता रैली भी निकाली.

## दोदारी फिल्टर प्लांट के मजदूरों का पैसा मिला, जलापूर्ति शुरू



संवाददाता । किरीबुरु

**शुभम संदेश इंपैक्ट**

शुभम संदेश दैनिक अखबार में खबर छपने के बाद सारंडा के गंगदा पंचायत स्थित दोदारी फिल्टर प्लांट में काम करने वाले मजदूरों का वेतन भुगतान ठेकेदार ने कर दिया है. इसके बाद मजदूर वापस काम पर लौट आए. उक्त प्लांट से पेयजल आपूर्ति भी शुरू हो गई है. उल्लेखनीय है कि बीते तीन माह से ठेकेदार द्वारा मजदूरों को वेतन नहीं दिया गया था. इससे नाराज चारों मजदूर मोटू दास, सुशील सिद्धु, श्याम सोरेन एवं शिवा दास फिल्टर प्लांट में ताला लगाकर अपने घर चले गये थे. इस वजह से पूरे पंचायत के गावों में पेयजल आपूर्ति बंद हो गई थी. इससे ग्रामीणों के सामने पेयजल का घोर संकट उत्पन्न हो गई थी.

## कोल विद्रोह होने के कई कारण थे : सिंकू

सुकेश। चाईबासा



आदित्यपुर के हातियाडीह में जियाड़ा द्वारा झारखंड के खूंटकट्टी सामुदायिक जमीन का अधिग्रहण बिना ग्राम प्रधान और ग्रामसभा के सहमति से करने का आपत्ति करने वाले ग्रामीणों के खिलाफ प्रशासनिक कार्रवाई ग्रेट कोल विद्रोह की इतिहास का पुनरावृति करने जैसा है. यह प्रतिक्रिया झारखंड पुनरूत्थान अभियान के मुख्य संयोजक सन्नी सिंकु ने एक बैठक में दी है. उन्होंने कहा कि ग्रेट कोल विद्रोह न सिर्फ झारखंड के जल, जंगल, जमीन को बचाने के लिए हुई थी. बल्कि बंदगांव के सिंगराई मानकी और सुर्गा मुंडा की मां, बहन, पत्नी पर अंग्रेज ठेकेदार द्वारा गलत निगाह डालने के कारण भी हुआ था. हातियाडीह का घटनाक्रम खूंटकट्टी सामुदायिक जमीन को ग्रामसभा से बिना सहमति लिए भूमि अधिग्रहण करने के साथ ही कहीं न कहीं किसी निर्माणाधीन कंपनी के गार्ड द्वारा ग्रामीण महिला को छेड़खानी करने का मामला भी शामिल है. जिसके कारण कहीं न कहीं झारखंड के आदिवासी मूलवासियों को अपने मां, बहन, बेटी की इज्जत बचाने के लिए हिंसा करने के लिए उत्प्रेरित किया गया है. ग्रामीणों ने पहले ही उल्लेखित संदर्भ से जिला के आला अधिकारियों को लिखित रूप में अवगत कराया था. जिस आवेदन पर गंभीरतापूर्वक अध्ययन करने के उपरांत संवेदनशील होकर आवश्यक विभागीय कार्रवाई करना चाहिए था. सरकार और नौकरशाह के संवेदनहीनता के कारण ही आदित्यपुर के हातियाडीह में गैर कानूनी घटना हुई है, जो असंतोष और आक्रोश का प्रस्फुटन था. बैठक में शामिल झारखंड पुनरूत्थान अभियान के सभी सदस्यों ने घटना का निंदा करते हुए घटनाक्रम के बाद न्यायिक हिरासत में लिए गए सभी ग्रामीणों को रिहा करने की मांग की है. बैठक में झारखंड पुनरूत्थान अभियान के जिला संयोजक शैली शैलेंद्र सिंकु, सरोज बाबू, अल्विन एक्का, सुनील सवैया, सहाय लुगुन शामिल थे.

### खास बातें

- कोल विद्रोह बहन-बेटी की इज्जत बचाने के लिए हुआ था
- संवेदनहीनता के कारण हातियाडीह में घटना घटी

**छापा** प्रिंट रेट से ज्यादा दाम लिये जाएंगे तो सख्त कार्रवाई की जाएगी

# प्रिंट से ज्यादा रुपये लेने पर शराब दुकानों में छापेमारी

संवाददाता। चक्रधरपुर

सरकारी विदेशी शराब दुकानदारों द्वारा ग्राहकों से प्रिंट रेट से ज्यादा दाम लिये जाने की लगातार शिकायत मिलने पर गुरुवार को चक्रधरपुर के एलआरडीसी ने शहर के विभिन्न सरकारी विदेशी शराब दुकानों में जाकर छापेमारी की. इस मौके पर थाना प्रभारी चन्द्रशेखर कुमार भी मौजूद थे. इस दौरान अधिकारियों ने भारत भवन के समीप स्थित शराब दुकान में पहुंचकर शराब बोतलों पर लगे क्यूआर कोड, शराब की बोतलों की पैकेजिंग,शराबों के दाम इत्यादि को देखा. जहां अधिकारियों ने शराब दुकानदारों को कड़े दिशा-निर्देश दिए. अधिकारियों ने कहा कि अगर किसी भी शराब दुकानदार द्वारा प्रिंट रेट से ज्यादा दाम लिये जाएंगे तो सख्त कार्रवाई की जाएगी.



शराब दुकान में जांच पड़ताल करते एलआरडीसी व थाना प्रभारी.

मौके पर एलआरडीसी कुशलमी किनेथ मुंडू ने कहा कि शराब में किसी प्रकार की मिलावट नहीं होनी चाहिए, साथ ही अगर नकली शराब बिक्री की सूचना मिलती है तो दुकानदार पर कड़ी से कड़ी कार्रवाई की जाएगी.इसलिए दुकानदार सर्तक हो जाएं.इधर शराब दुकानों में छापेमारी की सूचना पर कई शराब दुकानदारों में हड़कंप मच गया.वहीं लोगों ने अधिकारियों के इस कार्रवाई की सराहना की. इस मौके पर चक्रधरपुर के अनुमंडल कार्यालय के अन्य अधिकारियों के अलावे चक्रधरपुर थाना के जवान भी मौजूद थे.



### ब्रीफ खबरें

#### बकाया भुगतान नहीं होने से बुरा हाल

**जमशेदपुर।** महीनों से बकाया वेतन को लेकर परेशान गृहरक्षक जवानों का एक प्रतिनिधिमंडल गुरुवार को जिले के उपायुक्त से मिलने पहुंचा. प्रतिनिधिमंडल ने उपायुक्त के समक्ष अपनी समस्याओं को रखा. गृहरक्षकों ने बताया कि एमजीएम अस्पताल के सुरक्षा में 90 गृह रक्षक जवान प्रतिनियुक्ति है जिनका दैनिक भत्ता अक्टूबर 2023 से बकाया है. इसी तरह सदर अस्पताल सुरक्षा में 42 जवान प्रतिनियुक्ति है, जिनका दैनिक भत्ता पिछले कई महीनों से बकाया है. गृह रक्षक जवानों की आर्थिक स्थिति बहुत दयनीय हो गई है.

#### चोरी के खिलाफ भाजपा उतरेगी सड़क पर : विजय

**आदित्यपुर।** सरायकेला खरसावां के भाजपा जिलाध्यक्ष विजय महतो ने कहा है कि पुलिस प्रशासन की मिलीभगत से खरसावां स्थित अभिजीत इंडस्ट्री से स्क्रैप की चोरी हो रही है. उन्होंने आक्रोश प्रकट करते हुए कहा कि कल सजग ग्रामीणों ने दो चोरों को चोरी के माल के साथ पकड़ा है. जबकि कई चोर भागने में सफल रहे. विजय महतो ने कहा कि प्रशासन की मिलीभगत से ही अब तक अभिजीत इंडस्ट्री से अरबों रुपये का स्क्रैप चोरी हो चुका है. उन्होंने सवाल उठाया की बार बार चोरी होने पर भी पुलिस प्रशासन आखिर किस कारण से बंद कारखाने को सुरक्षा नही दे पा रही है.

#### नागरिक समन्वय समिति ने की हमले की निंदा

**आदित्यपुर।** नागरिक समन्वय समिति सरायकेला-खरसावां के द्वारा समिति के आदित्यपुर मंडल अध्यक्ष निरंजन मिश्र के ऊपर मंगलवार की रात हुए हमले की निंदा की गई है. समिति ने आज सुबह बैठक की जिला प्रशासन से यह मांग की है कि श्री मिश्र पर हमला करने वाले अपराधियों को अविलंब गिरफ्तार किया जाए एवं उन्हें जेल भेजा जाए. नागरिक समन्वय समिति के केंद्रीय अध्यक्ष प्रसिद्ध नारायण सिंह, महासचिव अजीत कुमार व वरीय उपाध्यक्ष विमल कु. सिंह ने कहा कि आदित्यपुर में कुछ दिनों से आपराधिक घटनाओं में अप्रत्याशित रूप से बढ़ोतरी हुई है.

#### आजाद समाज पार्टी ने सीएचसी की रखी मांग

**जमशेदपुर।** बोड़ाम प्रखंड के आंधारझोर में गुरुवार को आजाद समाज पार्टी (कांशीराम) की एक महत्वपूर्ण बैठक का आयोजन हुआ. बैठक में सर्वप्रथम बोड़ाम प्रखंड में संगठन का विस्तार करते हुए सर्वसम्मति से नरसिंह रुहिदास को प्रखंड अध्यक्ष, दुलाल रूहिदास को पार्टी के युवा मोर्चा का प्रखण्ड अध्यक्ष और राजाराम रुहिदास को युवा मोर्चा का प्रखंड उपाध्यक्ष मनोनीत किया गया. तदोपरांत आजाद समाज पार्टी के प्रदेश महासचिव आकाश मुखी ने बोड़ाम प्रखंड मे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र नहीं पर रोष व्यक्त किया. इस क्षेत्र की 2011 के जनगणना के अनुसार लगभग सत्तर हजार थी. अब यह आकड़ा काफी बढ़ गया है लेकिन यहां अबतक सीएचसी का निर्माण नहीं किया जाना बेहद ही दुखद है.

#### नेशनल स्कूल गेम्स में शामिल हुए पांच छात्र

**जमशेदपुर।** 67वें नेशनल स्कूल गेम्स का आयोजन हरियाणा के हिसार स्थित महाबीर स्टेडियम किया गया. यह आयोजन पिछले पांच से नौ जनवरी तक किया गया. इसमें सीआईएससीई की अंडर 19 हैंडबॉल की टीम ने भी हिस्सा लिया. इस टीम में झारखंड से जमशेदपुर स्थित के बेल्डीह चर्च स्कूल के पांच छात्र ओम कुमार, यश कुमार, ज्ञानेश्वर खत्री, सुमित कुमार, ऋषि सागर भी शामिल रहे.

### गणतंत्र दिवस की तैयारी को लेकर डीसी-एसएसपी ने की बैठक, दिए कई दिशा-निर्देश

# स्कूली बच्चे देंगे सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति

संवाददाता । जमशेदपुर



75वें गणतंत्र दिवस के अवसर पर जिला स्तरीय समारोह की तैयारी को लेकर गुरुवार को समाहरणालय सभागार में एक बैठक आयोजित हुई. इसकी अध्यक्षता उपायुक्त मंजूनाथ भजन्त्री ने की. बैठक में एसएसपी किशोर कौशल, डीडीसी मनीष कुमार, धालभूम एसडीओ पीयूष सिन्हा, एडीसी जयदीप तिग्गा, एडीएम लॉ एंड ऑर्डर राजीव रंजन समेत अन्य प्रशासनिक एवं पुलिस पदाधिकारी व अन्य संबंधित विभागीय पदाधिकारी व निजी कंपनियों के प्रतिनिधि बैठक में शामिल थे. इसमें तय हुआ कि जिला स्तरीय समारोह का आयोजन बिष्टुपुर स्थित गोपाल मैदान में होगा. उपायुक्त ने गणतंत्र दिवस समारोह की तैयारियों को लेकर विभिन्न विभागीय पदाधिकारी को दायित्व सौंपा. उन्होंने कहा कि गणतंत्र दिवस के अवसर जिला स्तरीय समारोह भव्यता से मनाया जाएगा. विभिन्न विभागों द्वारा निकाले जाने वाले झांकियों के अलावा इस वर्ष अबुआ आवास तथा स्वरोजगार से जुड़ी योजनाओं की भी झांकी को शामिल करने का निर्णय लिया गया है. संध्या में सांस्कृतिक समारोह का आयोजन होगा, जिसमें विभिन्न स्कूल के बच्चों द्वारा देश प्रेम से ओतप्रोत गीत-संगीत पर प्रस्तुति दी जाएगी.

#### डीसी-एसएसपी करेंगे परेड के फुल ड्रेस रिहर्सल का निरीक्षण

जिला स्तरीय समारोह में इस वर्ष एक प्लाटून जैप-6, तीन प्लाटून जिला पुलिस बल (सहायक पुलिस सहित), एक प्लाटून जिला गृह रक्षक तथा दो प्लाटून एनसीसी (महिला/ पुरुष) के अलावा स्काउट एंड गाइड के प्लाटून को भी शामिल रहेंगे. परेड का पूर्वाभ्यास 21 एवं 22 जनवरी को पुलिस लाइन मैदान गोलमुरी तथा 23 जनवरी को गोपाल मैदान में होगा. 24 जनवरी को परेड का फुल ड्रेस रिहर्सल गोपाल मैदान में किया जाएगा जिसका निरीक्षण डीसी-एसएसपी संयुक्त रूप से करेंगे. उपायुक्त द्वारा गणतंत्र दिवस के अवसर पर सभी सरकारी भवनों, कार्यालयों में झंडोतोलन का निर्देश दिया है. साथ ही महापुरूषों की प्रतिमाओं पर माल्यार्पण और राष्ट्रीय महत्व के स्मारकों की साफ सफाई करने को कहा है. बैठक में विशिष्ट अनुभाजन पदाधिकारी, डीसीएलआर सह नजारत उप समाहर्ता, जिला शिक्षा पदाधिकारी, जिला परिवहन पदाधिकारी, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी, डीएसपी ट्रैफिक, डीएसपी हेडक्वार्टर एक1, सहायक निदेशक सामाजिक सुरक्षा, जिला शिक्षा अधीक्षक व अन्य पदाधिकारी शामिल रहे.

### आओ जानें

## सामान्य ज्ञान

- सत्यमेव जयते किस ग्रंथ उपनिषद से लिया गया है – मुंडक उपनिषद
- पहली बार परमाणु बम कहां फेंका गया था – हिरोशिमा
- किस क्षेत्र में पुलित्जर पुरस्कार दिया जाता है – पत्रकारिता
- होम रूल आंदोलन किसके द्वारा शुरू किया गया था – एनी बेसेंट
- राज्य सभा के सदस्य का कार्यकाल होता है – 6 वर्ष
- भारत में सबसे लंबा रेलवे जोन कौन सा है – उत्तरी रेलवे
- किसे भारत का बिस्मार्क कहा जाता है – वल्लभ भाई पटेल
- गांधार का कला स्कूल किस वंश से संबंधित है – कुषाण
- भारत की सबसे ऊंची पर्वत चोटी का नाम – के-2
- क्वीन ऑफ डेकन किसे कहा जाता है – पुणे

### पुलिस ने सभी आरोपियों को भेजा जेल

# छेड़खानी का आरोप लगाने व प्रदर्शन करने वाले 21 गिरफ्तार

संवाददाता । आदित्यपुर



निर्माणस्थल के पास गुरुवार को प्रदर्शन करते ग्रामीण.

सुनियोजित तरीके से पहले जमना ऑटो की चहारदीवारी निर्माण और बाद में छेड़खानी का आरोप लगा निर्माणाधीन नेताजी सुभाष अस्पताल की बिल्डिंग के सामने प्रदर्शन करने वाले हथियाडीह के ग्रामीणों के विरुद्ध आखिरकार जिला प्रशासन ने कड़ी कार्रवाई की है. जिला प्रशासन के अनुरोध और वार्ता को बारंबार ठुकराने वाले 11 महिलाए समेत 21 ग्रामीणों को आदित्यपुर पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है. ये सभी पिछली एक महीने से जिला प्रशासन के नाक में दम कर रखे थे. इसके बाद जिला प्रशासन सख्त हुई और कड़ी कार्रवाई की है.

बता दें कि आदित्यपुर थाना क्षेत्र के नवोदित औद्योगिक क्षेत्र ईएमसी के अंतर्गत निर्माणाधीन जमना ऑटो कंपनी के विरोध में ग्रामीणों ने मैदान और रास्ते की बात कहकर विरोध कर रही थी. ग्रामीणों को मैदान और रास्ता देने के बाद भी ग्रामीण आंदोलन का रुख अपनाए हुए थे. बाद में यही लोग नेताजी सुभाष अस्पताल के सिक्योरिटी गार्ड और मजदूरों और छेड़खानी का आरोप लगा यहां आंदोलन करने लगे थे. सिक्योरिटी गार्ड और मजदूरों की ग्रामीणों ने बेरहमी से पिटाई भी की थी. इस सारे वारदात को देखते हुए पुलिस से सख्ती बरते हुए बुधवार को 21 आंदोलनकारी महिला-पुरुष को गिरफ्तार किया था, जिसे देर रात जेल भेज दिया गया है. बताया जाता है कि ग्रामीणों से समझौता के बाद बीते सोमवार को पुनः ग्रामीण कंपनी स्थापना का विरोध शुरू कर दिए थे.

**खास बातें**

- विधायक सह मंत्री चंपई सोरेन पर निशाना साधा
- बातचीत कर बीच का रास्ता निकालना चाहिए : चंपई

**जेकेबीएस के बैनर तले विरोध-प्रदर्शन चल रहा था :** इस मामले में झारखंडी खतियान संघर्ष समिति (जेकेबीएस) के बैनर तले विरोध प्रदर्शन चल रहा था. ग्रामीणों को बार बार समझाने का हर संभव प्रयास प्रशासन ने किया, लेकिन जब ग्रामीण लगातार विरोध में अड़े रहे तो बुधवार को प्रशासन बड़ी कार्रवाई करते हुए 21 आंदोलनकारियों को गिरफ्तार कर बुधवार की देर रात जेल भेज दिया. जिला प्रशासन की सख्त कार्रवाई के बाद जिले में राजनीतिक सरगर्मी बढ़ गयी है. भाजपा एसटी मोर्चा के राष्ट्रीय कार्यसमिति सदस्य रमेश हांसदा ने इस घटना की नींदा करते हुए स्थानीय विधायक सह मंत्री चंपई सोरेन पर निशाना साधते हुए कहा कि मंत्री को आदिवासी-मूलवासी आंदोलनकारियों के साथ बातचीत कर बीच का रास्ता निकालना चाहिए था. लेकिन उन्हे जेल भेजा गया है. आगामी चुनावों में इसका खामियाजा झामुमो को उठाना पड़ेगा.

गिरफ्तार कर जेल भेजे गए आरोपियों में प्रेम मार्डी, सोनिया हांसदा, प्रिया मुर्मू, पूजा मुर्मू, अनिल महतो, पूनम हांसदा, पानू मुर्मू, रीता महतो, सबिता महतो, ठाकुर मुनि सोरेन, रानी हांसदा, सोनामुनी मुर्मू, सुरेश हांसदा, मनोज मार्डी, विष्णु मार्डी, आनंद बेसरा, शंभू मार्डी, अनिल महतो, गणेश साहू, सुखलाल किस्कू, मारको बेसरा आदि शामिल हैं.

### शिव काली मंदिर न्यू हाउसिंग : भागवत कथा का बताया गया महत्व

# धूमधाम से निकली कलश यात्रा श्रीमद्भागवत कथा का शुभारंभ

संवाददाता। आदित्यपुर



शिव काली मंदिर न्यू हाउसिंग कोलोनी से गुरुवार को धूमधाम से कलश यात्रा निकली. इसमें कोलोनी की सैकड़ों महिलाओं ने हिस्सा लिया. यहां स्थापना दिवस पर सात दिवसीय श्रीमद्भागवत कथा का शुभारंभ हुआ है. मथुरा से पधारे कथा वाचक हिमांशु महाराज ने पहले दिन भागवत कथा का महत्व से भक्तों को अवगत कराया. बता दें कि शिव काली मंदिर न्यू हाउसिंग कोलोनी आदित्यपुर अपने स्थापना दिवस पर गुरुवार 11 जनवरी से 17 जनवरी तक सात दिवसीय श्रीमद्भागवत कथा का आयोजन किया है. इस आयोजन में कथा वाचक के रूप में मथुरा से कथा सुनाने हिमांशु महाराज जी पधार चुके हैं. बता दें कि हर वर्ष 11 जनवरी से 17 जनवरी तक मंदिर का स्थापना दिवस मनाया जाता है, जिसमें श्रीमद्भागवत कथा का आयोजन होता है. इसकी शुरुआत गुरुवार को कलश यात्रा के साथ हो चुका है. यहां लगातार 17 जनवरी तक श्रीमद्भागवत कथा का आयोजन होगा और 17 जनवरी को विशाल भंडारा के साथ समापन होगा. इसकी जानकारी मंदिर कमेटी के लोगों ने दी है.

#### थाना प्रभारी को समिति ने किया सम्मानित

**जमशेदपुर।** बागबेड़ा क्षेत्र में अपराध पर अंकुश लगाने को लेकर गुरुवार को समर सेवा समिति, श्री राम सेना युवा क्रांति संघ, बागबेड़ा सेवा समिति और बागबेड़ा जन संघर्ष समिति ने बागबेड़ा थाना प्रभारी अखिलेश मंडल को सम्मानित किया. बीते दिनों ही क्षेत्र में 17 लाख रुपये की चोरी हुई थी. इसके अलावा गुदरी बाजार में 5 लाख की चोरी की गई थी, जिसे बागबेड़ा पुलिस द्वारा सुलझाया गया. इस मौके पर मुख्य रूप से भाजपा मंडल अध्यक्ष संजय सिंह, किसान मोर्चा जिला उपाध्यक्ष व पूर्व छात्रसंघ अध्यक्ष नीतीश कुमार ने संयुक्त रूप से देखकर उनका अभिनंदन कर आभार प्रकट किया.

## नयी जलापूर्ति कनेक्शन से पानी दिलाने की मंत्री से मांग



संवाददाता । आदित्यपुर

गर्मी आते ही पीने के पानी के लिए भटकते लोगों के लिए मांझी टोला वार्ड 15 के लोगों ने मंत्री चंपई सोरेन से सालडीह की तर्ज पर मांझी टोला बस्ती में भी नए जलापूर्ति कनेक्शन के पाइप लाइन में जलापूर्ति तत्काल शुरू कराने की मांग की है. इससे संबंधित एक ज्ञापन बस्तीवासियों ने मंत्री चंपई सोरेन को सौंपा है. मंत्री ने बस्तीवासियों की विकट समस्या को देखते हुए आश्वासन दिया है कि 15 दिन के अंदर वे ऐसे घरों में जलापूर्ति सुनिश्चित करा देंगे, जिनके घर पाइप लाइन जलापूर्ति का कनेक्शन अब तक नहीं पहुंच पाया है. बस्तीवासियों का नेतृत्व पूर्व पार्षद डॉ नथुनी सिंह कर रहे थे. उनके साथ आश्वासन बस्ती के अनिल कुमार सिन्हा, संतोष झा, दीपक वर्मा, अर्जुन सिंह, राजेश कुमार सिंह आदि शामिल थे.

#### गोविंदपुर पेयजलापूर्ति योजना में अनियमितता, आंदोलन की चेतावनी

**जमशेदपुर।** साकची में हुई जिला परिषद की बैठक में कई मुद्दों पर चर्चा हुई. इसमें गोविंदपुर के जिला परिषद सदस्य डॉ परितोष सिंह ने पेयजल विभाग द्वारा गोविंदपुर पेयजल आपूर्ति योजना मे बरती जा रही अनियमितता के बारे में ध्यान आकृष्ट करवाया. उन्होंने कहा कि अगर 10 दिनों के अंदर पेयजल विभाग उनकी बातों पर संज्ञान नहीं लेता है तो दो वर्षों से परेशान लोग आमरण अनशन करने के लिए बाध्य होंगे. मत्स्य विभाग द्वारा 3 .55 एकड़ जो भूमि का अतिक्रमण बिल्डर द्वारा किया जा रहा है उसकी नापी करवाने का भी अनुरोध परितोष सिंह ने किया.

## विरोध के बीच रेलवे की जमीन से हटा अतिक्रमण



संवाददाता। जमशेदपुर

जमशेदपुर के बागबेड़ा थाना अंतर्गत गाड़ाबासा में रेलवे के आईडब्लू डिपार्टमेंट द्वारा रेलवे की ज़मीन पर अतिक्रमण हटाओ अभियान चलाया गया. इस अभियान के दौरान आरपीएफ के जवानों को भारी विरोध का सामना करना पड़ा. धक्का-मुक्की के बीच में रेलवे ने निर्माणाधीन दो घरों को ध्वस्त कर दिया. जानकारी के अनुसार सुरेंद्र यादव और ललन गुप्ता रेलवे की जमीन पर मकान बना रहे थे. इन्हें कई बार रेलवे के आईडब्लू डिपार्टमेंट के द्वारा नोटिस दिया गया. नोटिस के आलोक में कार्रवाई करते हुए आईडब्लू डिपार्टमेंट के द्वारा उनके घरों पर बुलडोजर चलाया गया. इस दौरान बड़ी संख्या में आर पी एफ के महिला पुलिस जवान मौजूद थे. इस बीच स्थानीय लोग अतिक्रमण का विरोध करते हुए आरपीएफ के पदाधिकारी व जवान के साथ धक्का-मुक्की करने लगे. विरोध के बीच दोनों घरों को ध्वस्त कर दिया गया. ललन गुप्ता ने बताया कि पूरा क्षेत्र रेलवे की जमीन पर बसा हुआ है. लोग धड़ल्ले से घर बना ले रहे हैं. वो अपने घर की ढलाई कर रहे थे पर रेलवे द्वारा उनके घर को तोड़ दिया गया. किसी तरह से ठेला चला कर वे अपने परिवार का भरण पोषण कर रहे थे, आज सड़क पर आ गए.

#### सिटी बजाओ उपस्थिति बढ़ाओ अभियान चला

**जमशेदपुर।** राज्य सरकार की पहल पर सिटी बजाओ स्कूल बुलाओ अभियान के तहत ड्रॉप आउट बच्चों को वापस को लाने व बच्चों की उपस्थिति बढ़ाने के उद्देश्य से मुख्यमंत्री उत्कृष्ट विद्यालय बीपीएम स्कूल बर्मामाइंस के विद्यार्थियों के ने हर गली-मोहल्ले में जाकर एक घंटा महाअभियान चलाया. इस दौरान रोजाना सभी बच्चों को स्कूल आने के लिए प्रेरित भी किया गया. स्कूल की प्रधानाध्यापिका रंजीता गांधी ने पोषक क्षेत्र के सभी लोगों से इस अभियान को सफल बनाने कि अपील की है. साथ ही बच्चों को अपने सभी मित्रों को नियमित स्कूल आने के लिए प्रेरित करने की बात कही. राज्य सरकार की पहल पर सरकारी स्कूलों में बच्चों की उपस्थिति बढ़ाने के उद्देश्य में सीटी बजाओ उपस्थित बढ़ाओ अभियान जिले में चलाया जा रहा है. एक भी बच्चा शिक्षा से वंचित न रहे. नियमित विद्यालय आए. पूर्वी सिंहभूम जिले में भी यह अभियान चलाया जा रहा है. इस दौरान आलमगीर, नायक, कुमुद, वेरोनिका, करनदीप सिंह उपस्थित थे.

## इसरो के शिविर का 97 उद्यमियों ने उठाया लाभ, भरा वार्षिक रिटर्न



संवाददाता । आदित्यपुर

लघु उद्यमियों के उत्थान एवं अपने सामाजिक दायित्व के प्रति प्रतिबद्ध नवगठित औद्योगिक व व्यावसायिक संगठन इंडस्ट्रियल स्टेबिलिटी एंड रिफॉर्म्स आर्गेनाइजेशन (इसरो )ने उद्यमियों के फैक्ट्री लाइसेंस के वार्षिक रिटर्न्स के लिए शिविर लगाया, जिसका 97 उद्यमियों ने लाभ उठाया. वैसे वार्षिक रिटर्न्स भरने की अंतिम तारीख 15 जनवरी थी, लेकिन आज 11 जनवरी को ही इसरो द्वारा मेट्रो इंडस्ट्री के समक्ष एक सार्वजानिक सहयोग शिविर लगा कर उद्यमियों को रिटर्न्स भरवाया गया. जिससे उन्हें देर से रिटर्न्स भरने, और बार बार सरायकेला जाने की झंझट से मुक्ति मिली.

इसरो अध्यक्ष रूपेश कतरियार ने बताया कि लघु उद्यमियों को अनावश्यक परेशानियों से बचाते हुए अपना ज्यादा समय प्रोडक्शन कार्य में दिलवाना ही इस संगठन का प्राथमिक उद्देश्य है. इस शिविर को सफल करने मे इसरो के हंसराज जैन, संदीप मिश्रा, पंकज झा, उत्तम कुमार, समीर सिंह, अमलेश झा, विकास गर्ग, बिनय सिंह, राजीव शुक्ला, सौरव चौधरी, अवनीत मूतरेजा, पियूष नागेलिया सहित कई उद्यमियों ने सक्रिय भूमिका निभाई.

# छात्र मानव घोष करेंगे प्रतिनिधित्व

आनंद मिश्रा। जमशेदपुर



भारत सरकार के युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय की ओर से राष्ट्रीय युवा महोत्सव 2024 का आयोजन आगामी 12 से 16 जनवरी 2024 तक महाराष्ट्र के नासिक में किया जा रहा है. इस महोत्सव में करीम सिटी कॉलेज के छात्र मानव घोष पूर्वी सिंहभूम जिले का प्रतिनिधित्व करेंगे. बता दें कि मानव घोष जिला स्तरीय भाषण प्रतियोगिता के विजेता रह चुके हैं. इसके तहत उनका चयन राष्ट्रीय युवा महोत्सव के लिए हुआ है. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 12 जनवरी को स्वामी विवेकानंद की जयंती के अवसर पर नासिक में राष्ट्रीय युवा महोत्सव का उद्घाटन करेंगे.

मानव घोष करीम सिटी कॉलेज में राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) के स्वयंसेवक भी हैं. इस साल राष्ट्रीय युवा महोत्सव का थीम समर्थ भारत, समर्थ युवा' है. पूर्वी सिंहभूम के जिला युवा अधिकारी गौरव कुमार ने राष्ट्रीय युवा महोत्सव में चयनित होने पर मानव को शुभकामनाएं दी हैं. साथ ही करीम सिटी कॉलेज के प्राचार्य डॉ मोहम्मद रियाज ने कॉलेज परिवार की ओर से मानव को शुभकामनाएं दी हैं. उन्होंने मानव से इस युवा महोत्सव में बेहतर प्रदर्शन की उम्मीद भी की है.

# छात्राएं सीख रहीं तीरंदाजी के गुर

संवाददाता। घाटशिला



हिंदुस्तान कॉपर लिमिटेड/इंडियन कॉपर कंपलेक्स अपनी सामाजिक दायित्व के पूर्ति के लिए ग्रामीण क्षेत्र की बालिकाओं में पढ़ाई के साथ-साथ स्पोर्ट्स में रुचि को बढ़ावा देने के लिए काम रही है. इसी के तहत स्थानीय सामाजिक संस्था विद्या निकेतन के साथ मिलकर बालिका स्वावलंबन के उदाहरण प्रस्तुत करने के उद्देश्य से कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय घाटशिला व कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय मुसाबनी की 80 छात्राएं तीरंदाजी का गुर सीख रहे हैं. छात्राओं को झारखंड आर्चरी एसोसिएशन के कोच जीतन महतो व तिलक महतो सिखा रहे हैं. उसी प्रशिक्षण की झलक गुरुवार को देखने को मिला. इस संबंध में बात करने पर संस्था के महेंद्र बैठा ने बताया कि यह ग्रामीण क्षेत्रों की बालिकाओं के छुपे हुए टैलेंट को बाहर निकालने के लिए एक सफल प्रयास है. जो कोच की देखरेख में सप्ताह में तीन दिन मंगलवार, गुरुवार व रविवार को प्रशिक्षण कैंप का आयोजन विद्यालय परिसर में किया जा रहा है. कंपनी का उद्देश्य है कि सुदूरवर्ती ग्रामीण क्षेत्र की बालिकाएं भी स्पोर्ट्स के क्षेत्र में अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अपना परचम लहरा पाए व क्षेत्र का नाम रोशन कर सके.


F9 होटल्स एंड इंडिया ट्रेवल
में आपका स्वागत और अभिनंदन!



आपके यात्रा को सुखद और सुविधाओं के आकांक्षा के लिए अयोध्या धाम श्रीराम नगरी, दिल्ली, पहाड़गंज नोएडा, गुड़गांव, देहरादून मसूरी, मुक्तेश्वर, हरिद्वार, ऋषिकेश, केदारनाथ, बद्रीनाथ, नैनीताल, अमृतसर, जम्मू, कतरा, वैष्णो देवी, जयपुर, उदयपुर, पुष्कर, अजमेर, आगरा, मथुरा, वृंदावन समेत पूरे भारत में होटल और रूम में ठहरने की उचित सुविधा और बस, ट्रेन और हवाई जहाज की टिकट की सुविधा निरंतर उपलब्ध है।



- FLIGHT TICKETS
- CRUISE BOOKING
- HOTEL BOOKING
- TRAIN TICKET
- TAXI SERVICE
- CURRENCY EXCHANGE
- HOLIDAY PACKAGES
- GROUP BOOKINGS
- E VISA SERVICE
- INTERNATIONAL TOUR PACKAGES

BOOKING
Call 8527271652-ved

# बजट की तैयारी

- हर वर्ग को बजट में सरकार से उम्मीदें
- रिक्त पड़े पदों को शीघ्र भरे हेमंत सरकार
- बढ़ती कीमतों पर रोक के उपाय होने चाहिए
- चुनावी वर्ष के कारण सरकार पर चौतरफा दबाव

**राज्य सरकार वर्ष 2024-25 का बजट तैयार करने में जुटी**



**लोग चाहते हैं**

## बजट में ऐसा प्रावधान हो कि आम आदमी का घर चले

# विकास के कार्य भी हों



झारखंड सरकार इस समय वर्ष 2024-25 का बजट तैयार करने में लगी है. अगले माह यह बजट पेश होगा. 2024 में लोकसभा के चुनाव होने हैं. यानी चुनावी वर्ष होने के कारण सरकार के लिए यह बजट चुनौती भरा है. हाल के महीनों में चीजों के दाम बेतहाशा बढ़ने के कारण आम आदमी का बजट थोड़ा गड़बड़ा गया है. साग-सब्जियों के दाम भी पिछले कई महीनों से आसमान चढ़े हुए हैं. ऐसे में लोगों को घर चलाना मुश्किल हो रहा है. राज्य में बेरोजगारी की समस्या भी बढ़ रही है, अलग अलग विभागों में रिक्त पड़े पद भरे नहीं जा सके हैं. स्कूल-कॉलेज और सरकारी विभागों में कर्मचारियों की कमी की वजह से कामकाज प्रभावित हो रहे हैं. आम से लेकर खास, निम्न से लेकर मध्यम वर्ग को उम्मीद है कि इस बार सरकार से कुछ न कुछ राहत जरुर मिलेगी. इसलिए कह सकते हैं कि इस बार बजट को लेकर सरकार पर चौतरफा दवाब है. बजट को लेकर अलग-अलग वर्गों से जो प्रतिक्रियाएं आई है उसके अनुसार सरकार प्राथमिकता के तौर पर महंगाई पर अंकुश लगाए. यानी बजट ऐसा हो कि आम आदमी का घर चले और विकास के कार्य भी प्रभावित न हो. **शुभम संदेश** की टीम ने इस संदर्भ में व्यावसाइयों और विल्डरों से उनकी राय जानी है. **पेश है रिपोर्ट...**

**स्कूल-कॉलेज और सरकारी विभागों में कर्मचारियों की कमी की वजह से कामकाज प्रभावित हो रहे हैं**

## लातेहार

### बजट में सभी वर्गों का ध्यान होना चाहिए : असीम कुमार बाग



रेलवे स्टेशन के व्यवसायी असीम कुमार बाग ने कहा कि बजट संतुलित होना चाहिए. इसमें सभी वर्गों के लोगों का ध्यान रखा जाना चाहिए. खासकर निम्न और मध्यम वर्ग के परिवार के हितों की रक्षा की जानी चाहिए. खाद्य और तेल सामग्रियों की कीमतों में कमी आनी चाहिए. किसानों को उनकी फसल का समुचित कीमत मिले, इसके लिए सरकार को न्यूनतम समर्थन मूल्य तय करना चाहिए.

### सरकार व्यावसाइयों का बजट में ख्याल रखे : गजेंद्र शौंडिक



चैंबर ऑफ कॉमर्स के गजेंद्र प्रसाद शौंडिक ने कहा कि झारखंड सरकार द्वारा प्रस्तुत किया जाने वाला बजट व्यावसाइयों के हितों में ध्यान रखते हुए बनाना चाहिए. सरकार को पेट्रोल और डीजल में लगाए गए वेट को कम करना चाहिए, इससे परिवहन लागत में कमी आएगी और सामान सस्ते होंगे. शौंडिक ने कहा कि खाद्यान्न पदार्थों के मूल्य में कमी आनी चाहिए.आज आम आदमी महंगाई से परेशान है. निम्न और मध्यम वर्गीय परिवारों के समक्ष आज परिवार चलाना भी मुश्किल हो रहा है.

### बालूमाथ में लगे टेमोटो प्रोसेसिंग प्लांट : मो. उस्मान सनम



बालूमाथ के व्यवसाई मोहम्मद उस्मान सनम ने कहा कि लातेहार के बालूमाथ और बरियातू प्रखंडों में टमाटर की प्रचुर मात्रा में खेती होती है. लेकिन टमाटर उगाने वाले किसान और व्यावसाइयों को उनकी टमाटर का उचित मूल्य नहीं मिल पाता है. कई बार तो किसान बाजार से लौटते समय सड़कों में ही अपनी टमाटर फेंक देते हैं, क्योंकि परिवहन शुल्क उससे अधिक आता है. सनम ने कहा कि बल्लुमाथ और बरियातू में टोमेटो प्रोसेसिंग प्लांट लगाने के लिए कई बार योजना तैयार की गई, लेकिन आज तक यहां प्लांट नहीं लग सका.

### छोटे संवेदक परेशान पॉलिसी में बदलाव होना चाहिए : पवन कुमार



बिल्डर पवन कुमार गुप्ता ने कहा कि बजट में संवेदक और बिल्डरों का भी ध्यान रखा जाना चाहिए. सरकार को अपनी पॉलिसी में भी परिवर्तन करना चाहिए। आज छोटे संवेदक आज परेशान हैं. आज 40 से 42 प्रतिशत कम में योजनाएं ली जा रही है. इतने कम रेट में योजनाएं लेने से योजनाएं पूरी नहीं हो पाती हैं. इससे विकास कार्य प्रभावित हो रहा है. इसे बजट में संशोधित किया जाना चाहिए. सरकार को इस ओर ध्यान देना चाहिए. महंगाई भी बड़ी समस्या है. सामान के दाम काफी बढ़े हैं. सरकार इसे नियंत्रित करे.

## चाईबासा

### बजट में आम लोगों का ख्याल रखना जरुरी है : राजाराम



पश्चिमी सिंहभूम के कलाकार सह बिजनेसमैन राजाराम महतो ने कहा कि राज्य सरकार को बजट को पूरी गंभीरता से विचार विमर्श कर पारित करना चाहिए. बजट से आम जनता को उम्मीद अधिक रहती है. साथ ही किसानों के हित का भी बजट में ध्यान देने की जरुरत है. पश्चिमी सिंहभूम में सबसे अधिक किसान अपने जीवन यापन खेती कर ही करते हैं. इसलिए किसानों के लिए बजट में इसका प्रावधान किया जाना चाहिए. खेती को उद्योग क्षेत्र का दर्जा भी मिलना चाहिए. ताकि देश का विकास हो सके.

### छोटे उद्योग करने वाले के लिए लोन की व्यवस्था हो : मुरारी



कोल्हान विश्वविद्यालय के जीसी जैन कॉमर्स कॉलेज के सहायक प्रोफेसर डॉक्टर मुरारी वैध ने कहा कि बिजनेस के क्षेत्र में लाभ तो है. लेकिन इसमें पूंजी की बहुत जरुरत होती है. सरकार को इस ओर ध्यान देने की जरुरत है. उन्होंने कहा कि पश्चिमी सिंहभूम में छोटे-छोटे उद्योग अभी भी संचालित हैं. लेकिन व्यापारियों के पास पूंजी नहीं होने की वजह से काम सही से नहीं कर पाते हैं. सरकार को इस बार के बजट में छोटे उद्योग करने वाले कारोबार को लोन देने की व्यवस्था करें. ताकि बेहतर से बेहतर कारोबार में यहां की जनता सफल हो सके.

## चक्रधरपुर

### घरेलू निर्माण संबंधित सामानों के दामों में हो कमी: जयंत प्रधान



चक्रधरपुर निवासी बिल्डर जयंत प्रधान ने कहा कि बढ़ती महंगाई के कारण हर कोई परेशान है.घरेलू निर्माण संबंधित सामानों में तेजी से बढ़ोत्तरी हो रही है.बालू का दाम आसमान छू रहे हैं. इससे कई लोग अपना घर, मकान नहीं बना रहे हैं.जिससे संवेदकों को भी काम मिलने में परेशानी हो रही है.

### बालू के कारण धीमी रफ्तार से हो रहा काम: राम प्रकाश



चक्रधरपुर के बिल्डर सह भारतीय मजदूर संघ भवन निर्माण के जिला सचिव राम प्रकाश ने कहा कि राज्य सरकार द्वारा बालू का टेंडर नहीं कराये जाने के कारण सभी भवन निर्माण संबंधित कार्य धीमी गति से चल रहा है. चाहे वह सरकारी भवन या निजी भवन, कार्य कराने में बाधा उत्पन्न हो रही है. बालू का टेंडर नहीं होने के कारण महंगे दाम पर बालू की बिक्री हो रही है.वहीं गिट्टी के दाम बढ़े हुये हैं. मजदूरों को क्षेत्र में काम नहीं मिलने के कारण मजदूर दूसरे राज्य को पलायन के लिए मजबूर हो रहे हैं.

### राज्य सरकार का बजट कल्याणकारी होना चाहिए : पंकज



चक्रधरपुर निवासी व्यावासायी पंकज कुमार ने कहा कि राज्य सरकार का बजट लोगों के लिए कल्याणकारी बजट हो.दिन प्रतिदिन महंगाई आसमान छू रही है.इससे पहले की अपेक्षा अब बाजार में रौनक नहीं रहती.व्यावासियों के ऊपर किसी प्रकार का अतिरिक्त टैक्स संबंधित बोझ नहीं थोपा जाना चाहिए.वहीं बजट में किसानों पर विशेष ध्यान दिया जाएं तो बेहतर होगा.राज्य में अगर खेतों में फसलों की अच्छी पैदावार होगी तो दूसरे राज्यों से सब्जी, फल व अन्य सामानों को नहीं मंगाना पड़ेगा.इससे राज्य के लोगों की आर्थिक स्थिति में सुधार भी होगी.

## गोड्डा

### नगद लेन देन की सीमा का विस्तार होना चाहिए : विपिन



स्कूल में किताब कॉपी की आपूर्ति करने वाले व्यापारी विपिन कुमार जायसवाल का कहना है कि सरकार को चाहिए कि नगद लेन देन की सीमा को और अधिक विस्तार दे. पहले बीस हजार की सीमा थी, जिसे घटाकर दस हजार रुपया कर दिया गया है. इससे छोटी जगह पर कारोबार करने में दुकानदारों को दिक्कत होती है.

### अलग से फंड की व्यवस्था होनी चाहिए : अरुण टेकरीवाल



गोड्डा के व्यापारी अरुण कुमार टेकरीवाल कहते हैं कि कारोबार के लिए बजट में अलग से फंड की व्यवस्था होनी चाहिए. बड़े कारोबारी को तो एक आवेदन पर बड़ी रकम ऋण पर उपलब्ध हो जाती है. मगर छोटे कारोबारी के साथ थोड़ी दिक्कत होती है. अलग फंड रहने से कम इंटरेस्ट पर छोटे कारोबारी को पैसा मिल सकेगा.

### व्यापारी को भी अलग अलग दर्जा देना होगा : मनोज गाडिया



दवा कारोबारी मनोज गाडिया कहते हैं कि मध्यम वर्ग के व्यापारी और निम्न वर्ग के व्यापारी को अलग अलग श्रेणी में रखकर इसका लाभ दिया जाना चाहिए. बड़े कारोबारी के साथ जो नियम कानून हैं. उसमें थोड़ा बदलाव करते हुए छोटे कारोबारी को अलग से सुविधा दी जानी चाहिए. ताकि इस कारोवार को भी लाभ मिल सके.

### रियल एस्टेट को इंडस्ट्री का दर्जा दिया जाना चाहिए : संतोष



बिल्डर संतोष कुमार सिंह कहते हैं कि सरकार ने हमेशा बिल्डर पर नकेल कसने का काम किया है. सरकार को चाहिए कि रीयल एस्टेट कारोबार को इंडस्ट्री का दर्जा देकर इसे सरल बनाया जाए. सिंगल विंडो के तहत नक्शा पास कराने एवं ऋण की व्यवस्था होनीचाहिए. बिल्डर भी देश की संरचना में महत्वपूर्ण योगदान निभा रहे हैं.

## गिरिडीह

### बजट में व्यापारियों के हितों का ख्याल रखे राज्य सरकार : रविकांत रवि



धनवार प्रखंड के व्यापारी रविकांत रवि उर्फ पिंटू सिंह ने कहा कि राज्य के हेमंत सोरेन की सरकार ने आगामी बजट 2024-25 की तैयारी शुरू कर दी है . इस बजट से व्यापारियों को काफी उम्मीद है . राज्य सरकार को इस बार व्यापारियों के हितों को ध्यान में रखते हुए बजट लाना चाहिए . व्यापारियों को कम ब्याज दरों पर ऋण उपलब्ध करवाने की व्यवस्था होनी चाहिए.

### बैंक से ऋण उपलब्ध करवाने को सरल बनाए सरकार : संजय लोहानी



जमुआ प्रखंड के व्यवसाई संजय लोहानी ने कहा कि बैंकों से ऋण उपलब्ध करवाने की प्रक्रिया को सरल बनाए राज्य सरकार. इससे व्यापारियों को काफी लाभ मिलेगा. व्यापारियों को जेएसटी लागू होने से थोड़ी परेशानी हुई है . इसके बाद भी व्यवसाई मजबूती से खड़े हैं. उन्होंने कहा कि राज्य की हेमंत सोरेन की सरकार से व्यापारियों को काफी उम्मीद और अपेक्षाएं हैं.

## धनबाद

### स्मार्ट सिटी की तर्ज पर हो धनबाद का विकास किया जाए : अमरेश सिंह



धनबाद के बिल्डर अमरेश सिंह कहते हैं कि बजट से निम्न और मध्य वर्गीय लोगों को लाभ मिले. युवाओं को रोजगार मिले और स्टार्ट अप करने वाले युवाओं को सरकार से मदद मिले. इससे पलायन रुकेगा. सरकार को चाहिए कि इंडस्ट्रीज के लिए जमीन मुहैया कराए. जिससे स्थानीय लोगों को रोजगार प्राप्त हो. दूसरी ओर अगर डीजल के कर में छूट दी जानी चाहिए. टैक्स में रिबेट मिलने से समान के दामों में कमी आएगी और ये बड़ी राहत होगी. धनबाद को स्मार्ट सिटी के रूप में विकसित करने की जरूरत है. धनबाद एक पुराना और बड़ा शहर है, इसलिए इसके बेहतर विकास की लोग चाह रखते हैं.

### व्यवसायियों को दो-दो टेक्स के बोझ से मिले राहत : प्रमोद गोयल




बैंक मोड़ के व्यवसाई प्रमोद गोयल कहते हैं कि नगर निगम के होल्डिंग टैक्स को सरल और पारदर्शी बनाया जाय. यह अभी जटिल बना हुआ है. सरकार स्पष्ट करे कि व्यावसाई वर्ग के ऊपर दो-दो व्यावसाई लाइसेंस की बाध्यता क्यों है. ट्रेड लाइसेंस के साथ झारखंड प्रोफेशनल टैक्स भी देना पड़ रहा है. इसे स्पष्ट कर एक को लागू और दूसरे को निरस्त किया जाना चाहिए. साथ ही धनबाद में इंटरनेशनल एयरपोर्ट के लिए जमीन मुहैया कराई जाए. क्योंकि केंद्र सरकार बार बार जमीन उपलब्ध नहीं होने की बात कह रही है. वहीं एम्स, रिम्स की तर्ज पर यहां स्वास्थ्य सेवा की बहाली की जाए.

### स्वास्थ्य और शिक्षा के क्षेत्र में बदलाव की जरूरत है : विनय सिंह



बिल्डर विनय सिंह कहते हैं कि दस करोड़ टर्नओवर वाले बिल्डर को सेमी उद्योग का दर्जा मिले. एक ही रजिस्ट्रेशन पर झारखंड के सभी जिलों में कार्य करने का अधिकार मिले. धनबाद में बढ़ते अपराध से व्यापारी त्रस्त हैं . व्यापारियों को सुरक्षा मिले.धनबाद क्रिकेट में क्रिकेट का स्तर काफी ऊंचा है. यहां एक इंटरनेशनल स्टेडियम की जरुरत है. जिससे शहर का गौरव बढ़ेगा. धनबाद में स्वास्थ्य सेवा के नाम पर कुछ भी नहीं है. इस पर कार्य करने की जरूरत है.धनबाद में सरकारी स्तर पर शिक्षा के मामले में व्यवस्था गिरती जा रही है. उसमें भी सुधार की जरूरत है.

### ट्रेड लाइसेंस की जटिलता खत्म होनी चाहिए : सोहराब



पुराना बाजार के व्यावसाई सोहराब खान का कहना है कि धनबाद में ट्रामा सेंटर का निर्माण होना चाहिए. जनसंख्या वृद्धि को देखते हुए ओवर ब्रिज और फ्लाई ओवर का निर्माण किया जाना चाहिए. ट्रेड लाइसेंस की जटिलता खत्म होनी चाहिए.साथ ही धनबाद की जनता को निर्बाध बिजली आपूर्ती की जानी चाहिए. राज्य सरकार धनबाद में एयरपोर्ट की जमीन मुहैया कराए और एयरपोर्ट का निर्माण जितनी जल्दी हो किया जाना चाहिए.

## किरीबुरु



### झारखंड के बालू घाटों को जल्द खोले : राज कपूर गुप्ता

सेल के ठेकेदार सह ठेकेदार वेलफेयर एसोसिएशन किरीबुरु-मेघाहातुबुरु के अध्यक्ष राज कपूर गुप्ता ने कहा कि झारखंड सरकार से हम ठेकेदारों की सबसे बड़ी मांग यह है कि वह झारखंड के बालू घाटों को जल्द खोले. बालू के अभाव में हमलोगों का भवन निर्माण व कन्स्ट्रक्शन से जुड़ा सारा काम प्रभावित हो रहा है. काम बंद होने से हजारों मजदूर बेरोजगार हो गये हैं. ईट, गिट्टी, सेमेंट का कारोबार भी प्रभावित हुआ है और इससे जुड़े कारोबारियों व दुकानदारों को भी भारी नुकसान उठाना पड़ रहा है. बिना बालू के उक्त समान खरीदकर भी हम काम नहीं कर सकते. सेल जैसी संस्थान में अवैध बालू का इस्तेमाल हम नहीं कर सकते हैं. समय पर कोई कार्य पूरा नहीं होने से फार्म के काली सूची में जाने का खतरा भी है. विकास कार्य भी बालू के अभाव में आगे नहीं बढ़ पा रहा हैं.



### वर्षों से बंद खदानों को भी खोला जाए : राकेश पाण्डेय

सेल के ठेकेदार राकेश पाण्डेय ने कहा कि सारंडा क्षेत्र की तमाम प्राइवेट खदानें वर्षों से बंद है. जिससे भारी बेरोजगारी है. सभी खदानों को जल्द खोला जाना चाहिए. सारंडा क्षेत्र में स्थित सेल व टाटा स्टील की खदानों से प्रतिवर्ष हजारों करोड़ रुपये डीएमएफटी फंड में खदान क्षेत्र के लोगों का विकास के लिए खर्च हो रहे हैं. लेकिन यहां तमाम प्रकार के बुनियादी सुविधाओं का अभाव है. उन्होंने कहा कि हम सभी वर्षों से मांग कर रहे हैं कि सारंडा क्षेत्र में डीएमएफटी या अन्य निधि से एक मल्टी स्पेशलिस्ट अस्पताल का निर्माण हो जहां सभी का इलाज हो सके. इलाज के लिए लोगों को 200 किलोमीटर दूर जमशेदपुर अथवा राउरकेला जाना पड़ता है. इसके अलावे यहां बेहतर कॉलेज व शिक्षा की अन्य व्यवस्था नहीं है. बाकी अन्य समस्याओं की तो लम्बी सूची है.


## जमशेदपुर



### बजट में हर तबके का ध्यान रखना जरूरी है : प्रदीप कुंडू

परसुडीह के गोलपहाड़ी निवासी पुआल कारोबारी प्रदीप कुंडू ने कहा कि राज्य सरकार का बजट जनकल्याणकारी होना चाहिए. छोटे-छोटे कारोबारियों के लिए भी कुछ व्यवस्था की जानी चाहिए, ताकि वे अपने कारोबार को और बढ़ा सके. वहीं महंगाई ध्यान रखकर ही बजट तैयार किया जाना चाहिए. हर तबके के लोगों को ध्यान में रखकर ही राज्य सरकार बजट पेश करें तभी राज्य का विकास तेजी से हो सकता है.

### मध्यमवर्गीय परिवार पर विशेष ध्यान की मांग : राहुल शास्वत



जुगसलाई निवासी और कपड़ा व्यवसाई राहुल शास्वत का कहना है कि मध्यमवर्गीय परिवार को विशेष ध्यान में रखते हुए बजट को पास करना चाहिए. महंगाई दर जिस हिसाब से बढ़ रही है, उस पर भी ध्यान देने की जरूरत है. व्यापारी वर्ग लगातार पिछड़ते ही जा रहे हैं, उन्हें वापस पटरी पर लाने के लिए बजट में प्रावधान किए जाने की जरुरत है.

### पेट्रोल-डीजल के रेट पर ध्यान दे सरकार : सनी कुमार



बागबेड़ा हरहरगुट्टू निवासी और युवा व्यवसाई सनी कुमार ने कहा कि झारखंड सरकार को आने वाले बजट में पेट्रोल-डीजल के रेट पर ध्यान देना चाहिए. पेट्रोल-डीजल के दाम बढ़ने से महंगाई बढ़ने लगती है, जिस कारण छोटे-बड़े व्यवसाई को काफी परेशानी होती है. जमशेदपुर में कुछ क्षेत्र में आज भी पानी की समस्या बनी हुई है. गर्मी आते ही लोग पानी के लिए परेशान हो जाते हैं. सरकार को इस बजट में पानी सभी को मिल सके इस ओर भी ध्यान देने की जरूरत है.

### बजट में सरकार से आम लोगों को काफी अपेक्षाएं हैं : एनके सिंह



बागबेड़ा के रहने वाले ट्रांसपोर्टर एनके सिंह का कहना है कि झारखंड सरकार से आम लोगों की काफी अपेक्षाएं हैं. सरकार को अपने बजट में राज्य सरकार के टैक्स में छूट देते हुए खाद्य पदार्थों की चीजों में रिबेट देने का प्रावधान करना चाहिए. सरकार को राज्य सरकार से लगनी वाली टैक्स में कमी लाकर आम लोगों को राहत देने की सोचनी चाहिए. सरकार को पंचायत स्तर पर विकासोन्मुख योजनाएं बनानी चाहिए. स्कूल कॉलेज के साथ तकनीकी शिक्षा की व्यवस्था होनी चाहिए.

## घाटशिला

### बंद पड़े उद्योगों को फिर शुरू करे सरकार : लक्ष्मीकांत गुप्ता



घाटशिला प्रखंड क्षेत्र के गोपालपुर ओवर ब्रिज के समीप प्रीति पलाई सेंटर के संचालक लक्ष्मीकांत गुप्ता ने कहा कि बजट में सरकार को यह ध्यान देना चाहिए कि टैक्स का बोझ अधिक न हो. यथासंभव इसे सामान्य रखा जाए. इसके अलावा स्वास्थ्य और शिक्षा के क्षेत्र में भी बेहतर कार्य करने की जरूरत है. खासकर घाटशिला अनुमंडल क्षेत्र में बंद पड़े औद्योगिक संस्थानों को शुरू करने के लिए बजट में प्रावधान किया जाना चाहिए. इससे क्षेत्र के लोगों को रोजगार मिलेगा. साथ ही बजट संतुलित हो इसका ध्यान सरकार को रखना चाहिए.

### सीवरेज सिस्टम के लिए बजट में हो प्रावधान : शुभ्रा कांति



घाटशिला प्रखंड क्षेत्र के व्यवसायी शुभ्रा कांति दे ने कहा कि झारखंड सरकार को जनोपयोगी बजट बनाना चाहिए. सरकार की कई जन उपयोगी योजनाएं अधूरी पड़ी है. सरकारी उसे पूरा करने का प्रावधान अपने बजट में रखे. खासकर क्षेत्र में सिवरेज सिस्टम पूरी तरह ध्वस्त है. क्षेत्र के लोगों को इससे उबारने के लिए अब तक किसी भी बजट में कोई प्रावधान नहीं किया गया है. अब तक इसे नजरअंदाज किया जाता रहा है. साथ ही सरकार को राज्य सरकार से लगने वाली टैक्स में कमी लाकर आम लोगों को राहत देने की बात सोचना चाहिए. रोजगार आधारित नीति बननी चाहिए. ताकि राज्य के अधिक से अधिक युवाओं को नौकरी मिल सके.

### किसान और युवाओं पर भी ध्यान दे सरकार : वीरेंद्र प्रसाद



घाटशिला प्रखंड के राजस्टेट मोहल्ले स्थित एक्वा किरण ड्रिंकिंग वॉटर प्लांट के संचालक वीरेंद्र प्रसाद ने कहा कि सरकार को जनोपयोगी बजट बनाने की जरूरत है. व्यावसाइयों को इस बार के बजट में विशेष सुविधा मिले, यही क्षेत्र के व्यावसाइयों की अपेक्षा है. युवाओं को रोजगार से जोड़ने की व्यवस्था होनी चाहिए. राज्य सरकार को आर्थिक रूप से परेशान लोगों के लिए कई प्रकार की कल्याणकारी योजनाएं चलाने की आवश्यकता है. साथ ही बजट में किसानों युवाओं पर भी ध्यान दिया जाना चाहिए. खेतों में सिंचाई की व्यवस्था के साथ किसानों को कम दर पर बीज मिल सके. साथ ही सिंचाई की भी व्यवस्था हो इसके लिए सरकार को बजट में ध्यान रखना होगा.

